

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू को पद्म विभूषण से किया सम्मानित।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 112 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'रिजर्वेशन कभी खत्म नहीं होगा'

= कांग्रेस केवल मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं, मेरी गारंटी है- रिजर्वेशन कभी खत्म नहीं होगा: मोदी

**गारंटी दी**

8 कांग्रेस ने 2004 में सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एसी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को देने की कोशिश की थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**टोंक:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के उनियारा में भाजपा उम्मीदवार सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति की रही है। कांग्रेस एससी-एसटी के आरक्षण को कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती है। मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 2004 में सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एसी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को देने की कोशिश की। यह एक पायलट प्रोजेक्ट था, जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की योजना थी लेकिन कांग्रेस के मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। जब कर्नाटक में भाजपा सरकार थी तो हमने सबसे पहला काम किया, कांग्रेस ने जो एससी-एसटी से आरक्षण छीनकर मुस्लिम कोटा निकाला था उसे खत्म किया। मोदी संविधान को समझता है, बाबा साहेब अंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे। मोदी ने कहा कि यदि 2014 के बाद भी कांग्रेस होती तो सरहद पर सैनिकों के सिर काटे जा रहे होते और बम ब्लास्ट हो रहे होते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में तो हनुमान चालीसा पढ़ना भी गुनाह हो गया है। कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में कुछ दिन पहले दुकानदार को इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। राजस्थान तो इसका भुगतभोगी रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी तो यहां रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा पर ही प्रतिबंध लगाया गया था। कांग्रेस के जाने के बाद पहली बार पूरे राजस्थान में रामनवमी पर शांति से शोभायात्रा निकली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने वोट बैंक पॉलिटिक्स के दलदल में इतनी फंसी हुई है कि उसे बाबा साहेब के संविधान की भी परवाह नहीं है। उन्होंने मेनिफेस्टो में लिखा है आपकी संपत्ति का सर्वे करेंगे।

हमारी माता-बहनों के मंगलसूत्र का सर्वे करेंगे। उनके नेता ने कहा कि एक्स-रे किया जाएगा। मतलब आपके घर के बाजरे के डिब्बे, दीवार में रखा है तो वे एक्स-रे कर खोजा जाएगा। ये उनके नेता कह रहे हैं। वे कहते हैं कि जरूरत से ज्यादा हुआ तो कब्जे में ले लेंगे और लोगों को बांट देंगे।

**'क्या कांग्रेसी स्त्री धन पर हाथ लगा सकते हैं?'**

आपके दो घर है तो एक्स-रे करेंगे और कहेंगे एक घर सरकार को दे दें। क्या ये स्त्री धन या मंगलसूत्र पर हाथ लगा सकते हैं, राजस्थान में ऐसा एक भी पंजा नहीं बचना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में आपने मोदी को दिल्ली में सेवा का अवसर दिया तो देश ने वो फैसले लिए, जिसने किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। कांग्रेस होती तो जम्मू कश्मीर में आज भी हमारी सेनाओं पर पत्थर चलते, सीमा पार से आकर दुश्मन आज भी हमारे जवानों के सिर काट कर ले जाते और कांग्रेस सरकार कुछ न करती।

# केजरीवाल को तिहाड़ जेल में दी गई इंसुलिन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: तिहाड़** जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीती शाम इंसुलिन दी गई। हालांकि इस बारे में स्पष्ट तौर पर जेल प्रशासन ने कुछ नहीं बताया है। मगर जेल सूत्रों ने कहा है कि केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई। कहा जा रहा है कि केजरीवाल का शुगर लेवल 217 तक पहुंच गया था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के शुगर लेवल और इंसुलिन की मांग पर कई दिनों से आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। आम आदमी पार्टी ने एक्स हैंडल पर लिखा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आखिरकार जेल में इंसुलिन दे दी गई। उसकी उन्हें बहुत जरूरत थी। जेल प्रशासन के अनुसार बीती शाम मुख्यमंत्री ने बताया था कि उन्हें दिक्कत हो रही है। इसके बाद जेल डॉक्टरों ने जांच की। उनका शुगर लेवल 217 मिला।

**जांच के बाद..**


8 केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई। केजरीवाल का शुगर लेवल 217 तक पहुंच गया था

**आदर्श विचार**



"सदैव संदेह करने वाले व्यक्ति के लिए प्रसन्नता ना इस लोक में है ना ही कहीं और।" -भागवद गीता


**मन की बात**



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" -स्वामी विवेकानंद




## सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव का माफीनामा फिर अस्वीकार किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एलोपैथिक दवाओं के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने के केस में बाबा रामदेव और पतंजलि का माफीनामा फिर अस्वीकार कर दिया। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को 30 अप्रैल को फिर सुप्रीम कोर्ट में पेश होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को विज्ञापन का साइज बड़ा करने और माफीनामा को हाई लाइट करने के लिए कहा ताकि लोगों को समझ में आए। सुनवाई के दौरान पतंजलि के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने 67 अखबारों में माफीनामा दिया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या अखबारों को दिया गया माफीनामा उतने ही साइज का है जितना बड़ा आप विज्ञापन देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई का दायरा बड़ा करते हुए कहा कि मामला सिर्फ एक संस्था (पतंजलि) तक सीमित नहीं रखा जाएगा।

## तल्ख होते बोल से चुनाव आयोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हिदायत, चेतावनी और कार्रवाई के बाद भी राजनीतिक दलों के तल्ख होते जा रहे बोल से निर्वाचन आयोग परेशान है। फिलहाल आयोग ने इस पर बड़ी कार्रवाई से पहले अपने मैदानी अमले को सतर्क किया और कहा कि वह चुनावी रैलियों पर पैनी नजर रखे और उनकी अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराए। साथ ही इनमें की जाने वाली किसी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी पर तुरंत सूचित करें। ऐसी शिकायतों पर आयोग की ओर से पूर्व में भाजपा व कांग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा चुकी है।

## सीएम नीतीश ने लालू का 'जंगलराज' याद दिलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

किशनगंज: सीएम नीतीश कुमार ने मुजाहिद आलम के समर्थन में मंगलवार को रैली की। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए लालू परिवार पर निशाना साधा। सीएम ने लालू राज की याद दिलाते हुए कहा कि उनलोगों को बहुत मौका मिला लेकिन कोई काम नहीं किया। हमने कई बार मौका दिया लेकिन ये लोग काम नहीं कर रहे थे तो हम 1994 में अलग हो गए। 2005 में हम पूरी तरह से भाजपा के साथ आ गए। उसके बाद भी हमने कई बार मौका देने का काम किया लेकिन ये लोग कुछ नहीं करते थे। सीएम नीतीश कुमार ने जंगलराज की ओर इशारा करते हुए कहा कि 2005 के पहले क्या हाल था ? उससे पहले कोई घर से नहीं निकलता था। हिंदू-मुस्लिम के बीच झगड़ा होता था। उन्होंने कहा कि ये लोग (राजद) मुस्लिम का वोट लेंगे। ये लोग हिन्दू मुस्लिम के बीच झगड़ा क्यों खत्म नहीं किए थे। मेरी सरकार में कोई झगड़ा नहीं हुआ। शिक्षा को लेकर नीतीश कुमार ने कहा कि पहले कोई पढ़ाई नहीं होती थी। स्वास्थ्य की स्थिति खराब थी। इन लोगों को इतना मौका मिला लेकिन कोई काम नहीं किए। जब हमलोगों को मौका मिला तो शुरू से ही काम करना शुरू किए। उनको जब मौका दिए तो उन्होंने कोई काम नहीं किया। कई बार मौका दिए अंत में हम अलग हो गए। 2005 से पहले कोई घर से नहीं निकलता था। हिन्दू-मुस्लिम के बीच झगड़ा होता था उसे क्यों खत्म नहीं किया गया। लेकिन हम सरकार में आए तो सब कुछ ठीक किए।



**साधा निशाना**

8 सीएम ने राजद पर साधा निशाना, कहा-इन लोगों को इतना मौका मिला लेकिन कोई काम नहीं किए

## 'कांग्रेस का घोषणापत्र पाक में चुनाव जीतने जैसा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**एनार्कुलम:** असम के सीएम और बीजेपी नेता हिमंत बिस्वा शर्मा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर एक बार फिर निशाना साधा है। असम सीएम ने कहा, "कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र इस तरह से तैयार किया गया है कि वे पाकिस्तान में चुनाव जीतें। घोषणापत्र पाकिस्तान के लोगों के लिए अधिक और भारत के लोगों के लिए कम है।' उन्होंने आगे कहा, 'कांग्रेस ने ऐसा घोषणा पत्र बनाया है जो आम जनता से संसाधन छीन लेगा और कांग्रेस देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगी। हमने कांग्रेस के घोषणापत्र की सबसे सही तरीके से व्याख्या की है। मैं उन्हें चुनौती दूंगा कि वे सार्वजनिक बहस के लिए आएं और दिखाएं कि यह घोषणापत्र तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है...प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि देश के संसाधनों पर हर किसी का अधिकार है। यह कांग्रेस पार्टी को बताना है कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार एक विशेष समुदाय का है। राहुल गांधी 'पप्पू' के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार हैं।'

## पी. चिदंबरम को बताना चाहिए की सीएए से क्या आपत्ति है: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर पलटवार किया है। चिदंबरम ने सीएए, तीन न्यायिक कानून और अन्य कानूनों को विपक्ष की सरकार बनने पर रद्द किए जाने की बात कही थी। शाह ने इसे तुष्टीकरण की राजनीति बताया । शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर पी चिदंबरम के बयान पलटवार करने वाला अपना बयान साझा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पी चिदंबरम को बताना चाहिए की सीएए से क्या आपत्ति है। इससे किसी की नागरिकता नहीं छिनी जा रही है। कांग्रेस केवल तुष्टीकरण की राजनीति और वोटबैंक के लिए इसे निरस्त करना चाहती है। उन्होंने कहा कि उनके इरादे पूरे नहीं होंगे। कांग्रेस न तो सत्ता में आने वाली है और न ही निर्णय लेने वाली है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 1960 के दशक से कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति को अपना हथियार बनाया। हम वर्षों से इसके खिलाफ लड़ते रहे। 2014 के बाद से पीएम मोदी ने लोगों के बीच विकास का एजेंडा तय किया और उसी के आधार पर देश में चुनाव शुरू हुआ। अब कांग्रेस को विकास के आधार पर चुनाव लड़ने में दिक्कत हो रही है, वे लगातार चुनाव हार रहे हैं। शाह ने कहा कि तीन कानूनों (आपराधिक कानून) को पर विचार के लिए बनी समिति में स्वयं चिदंबरम थे।

**मांगा जवाब**

8 पी चिदंबरम के सीएए रद्द किए जाने को अमित शाह ने बताया तुष्टीकरण की राजनीति

## भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार खरीदने वाला देश बना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

**भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक :** भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है।

साल 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा है। भारत 9.8 फीसदी हथियार आयात के साथ दुनिया में पहले नंबर पर है। भारत ने रूस से सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं।



**खुलासा**

8 यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है : रिपोर्ट

## 'ओवैसी को हराकर इतिहास रचेगी भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**रंगारेड्डी:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भाजपा हैदराबाद में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को हराकर इतिहास रचेगी। भाजपा ने चार बार के सांसद ओवैसी के विरुद्ध हैदराबाद सीट से माधवी लता को उम्मीदवार बनाया है। गोयल ने कहा, "तेलंगाना की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने के लिए एक मजबूत, निर्णायक और ईमानदार सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तेलंगाना के लोगों को भरोसा देना चाहते हैं कि अगर वे हमारे साथ रहेंगे तो राज्य और देश का एक साथ विकास होगा। हम ओवैसी को हराकर हैदराबाद सीट जीतेंगे और इतिहास रचेंगे।" हैदराबाद लोकसभा सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। वहीं, हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता के विरुद्ध धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।

**दावा**

8 भाजपा ने चार बार के सांसद ओवैसी के विरुद्ध हैदराबाद सीट से माधवी लता को उम्मीदवार बनाया है

## जयराम रमेश ने पीएम से छत्तीसगढ़ को लेकर पूछे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ को लेकर सवाल पूछे हैं। रमेश ने पूछा है कि क्या छत्तीसगढ़ की जनता के राशन में कटौती मोदी की गारंटी का हिस्सा है? मोदी सरकार ने जांजगीर के कोसा सिल्क उद्योग को नजर अंदाज क्यों किया है? उन्होंने यह भी पूछा है कि जल-जंगल-जमीन को लेकर प्रधानमंत्री आदिवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता कब दिखाएंगे ?

छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1,000 रुपए महज उनकी पेंशन के बाद केवल जो बची राशि है उसका भुगतान किया जा रहा है।

## नेहा की हत्या से दुखी हूं: सिद्धारमैया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हुबली:** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को मृत छात्रा नेहा हिरेमथ के पिता से फोन पर बात की और उनकी बेटी की हत्या पर दुख जताया। सिद्धारमैया ने निरंजन हिरेमथ से बातचीत में कहा कि उन्हें दुख है और उन्होंने आश्वासन दिया कि हम आपके साथ रहेंगे। सीएम सिद्धारमैया ने नेहा के पिता से बात की और उन्होंने उन्हें मामले की सीआईडी जांच और फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सुनवाई के लिए एक विशेष अदालत स्थापित करने के सरकार के फैसले के बारे में भी जानकारी दी। नेहा के पिता निरंजन हिरेमथ हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद हैं। सीएम ने निरंजन हिरेमथ को आश्वासन दिया कि यह एक गंभीर अपराध है। इस मामले की विशेष कोर्ट में सुनवाई कराई जाएगी, ताकि हम आरोपी को कड़ी सजा दिला सकें। सिद्धारमैया ने राज्य के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल की मौजूदगी में हिरेमथ से फोन पर बात करते हुए कहा, "निरंजन...बहुत खेद है। हम आपके पक्ष में रहेंगे।" वहीं, नेता के पिता हिरेमथ ने मामले को सीआईडी को सौंपने और एक विशेष अदालत स्थापित करने के लिए अपने परिवार के शुभचिंतकों और समुदाय की ओर से सिद्धारमैया को धन्यवाद दिया।



**कोर्ट गंभीर** हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया

## 'दिव्यांग बच्चों की मां को चाइल्ड केयर लीव देने से मना नहीं कर सकते'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुद्दे को गंभीर मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विकलांग बच्चे की देखभाल करने वाली मां को बाल देखभाल अवकाश देने से इनकार करना, कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के राज्य के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिव्यांग बच्चों वाली कामकाजी महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने के मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है कि याचिका में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक आवश्यकता है और एक आदर्श नियोक्ता के रूप में राज्य इससे अनजान नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि केंद्र को मामले में पक्षकार बनाया जाए और इस पर निर्णय देने में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से सहायता मांगी।



**आदेश**

8 कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के राज्य के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा

**याचिकाकर्ता महिला हिमाचल प्रदेश के विभाग में सहायक प्रोफेसर:** अदालत ने राज्य के अधिकारियों को याचिकाकर्ता महिला (राज्य में बतौर भूगोल विभाग में सहायक प्रोफेसर कार्यरत) को सीसीएल देने की याचिका पर विचार करने का भी निर्देश दिया। उनका बेटा आनुवंशिक विकार से पीड़ित है और जन्म के बाद से उसकी कई सर्जरी हो चुकी हैं।

अपने बेटे के इलाज और सीसीएल के लिए प्रदान किए गए केंद्रीय सिविल सेवा नियमों के कारण उनकी स्वीकृत छुट्टियां समाप्त हो गईं।

# 63 वां हनुमान जन्मोत्सव सिद्धीपुर लोवा में धूमधाम से संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** लोवा 17 के पूर्व प्रधान स्वर्गीय चौधरी श्री चंद मान व उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती वेदवती मान द्वारा शुरू किया गया हनुमान जन्मोत्सव समारोह का आज 63 वां आयोजन उनके पुत्रों अशोक मान दलबीर मान सिकंदर मान द्वारा लोवा सिद्धिपुर गांव में धूमधाम से मनाया गया। बजरंगबली के जयकारों और स्वर्गीय श्री चंद मान अमर रहे स्वर्गीय वेदवती मान अमर रहे और जय श्री राम के नारों के साथ प्रातः हवन यज्ञ के साथ 63वें हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ किया गया हनुमान जन्मोत्सव समारोह में पालम 360 खाप के समस्त सरदारी, महरौली 96,सुरेहडा 18, ढांसा 12, मुंडेला चौगामा गुलिया 84 कादयान खाप सहित विभिन्न तपे खापों सहित राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा, विधायक डॉक्टर कुलदीप वत्स सहित हजारों की संख्या में पहुंचे गणमान्य जनों ने हनुमान जी के विशाल चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए व स्वर्गीय श्री चंद प्रधान को भी नमन किया। मेंहदीपुर बालाजी से आए धर्मशाला समिति सदस्यों द्वारा अशोक मान को सम्मानित किया गया।अपने पिता स्वर्गीय श्री चंद मान माता वेदवती मान की स्मृति में 300000 रुपए की लागत से बनवाए गए कमरे के लिए आभार जताते हुए अशोक मान ने लोई ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर आभार जताया गया, एक दिन पूर्व आयोजित दसौरी कारज (धर्म यज्ञ) की ऐतिहासिक सफलता में योगदान देने वाले सभी सम्मानित जनों का मान परिवार की ओर से आभार जताते हुए धन्यवाद किया गया। हनुमान जन्मोत्सव समारोह का मंच संचालन दादा देव मंदिर पालम के प्रधान हरीश पालम व मास्टर मौजी राम डगर झाड़ौदा ने संयुक्त रूप से किया। हनुमान जन्मोत्सव समारोह को अशोक मान सिकंदर मान ने संबोधित करते हुए सभी का आभार जताया साथ ही पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी रामकुमार सौलंकी महरौली 96 के प्रधान चौधरी पृथ्वी सिंह, तिहाड़ 28 के प्रधान चौधरी राकेश नंबरदार, सुरेहडा 18 के प्रधान चौधरी देवेंद्र यादव, ढांसा 12 के प्रधान चौधरी खजान सिंह डागर, भारतीय किसान यूनियन दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी दलजीत सिंह डागर, गुलिया 84 खाप के प्रधान चौधरी सुनील गुलिया नौगामा के प्रधान मनजीत प्रधान सहित गणमान्य जनों ने मंच के माध्यम से मान परिवार की कार्यशैली की सराहना की व इस आयोजन को ऐतिहासिक करार दिया। प्रसिद्ध रागनी गायक कलाकार सरिता कश्यप दीपा चौधरी प्रीति चौधरी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। बड़ी संख्या में महिलाओं बच्चों ने हनुमान जन्मोत्सव भंडारे में देशी घी से बना प्रसाद ग्रहण किया।

## हरियाली के बीच लोगों को लुभा रही प्लास्टिक से बनी बेंच

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर वेटलैंड में 10 नई बेंच लगाई गई है। जो सिंगल यूज प्लास्टिक को री-साइकिल कर बनाई गई है। ताकि वहां आने वाले पर्यटक अब बैठकर आराम भी कर सकेंगे। प्राकृतिक हरियाली के बीच प्लास्टिक से बनी बेंच लोगों को लुभा रही है। साथ ही वेटलैंड में आने वाले लोगों से पर्यावरण को साफ सुथरा रखने की भी अपील की जा रही है। सूरजपुर वेटलैंड पर सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जहां वन विभाग ने एनपीसीएल के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चों को 100 से अधिक जूट बैग दिए गए।

## तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को चला पता, इलाज के दौरान दोनों बच्चियों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**बुलंदशहर :** बुलंदशहर नगर के मोहल्ला जंगलीपीर में मंगलवार को दो बच्चियों ने खेल-खेल में कीटनाशक पी लिया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक के बाद एक कर दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। औरंगाबाद के मोहल्ला जांगलीपीर निवासी नदीम दुबई में नौकरी करता है। बताया गया कि घर पर उनकी पत्नी, बच्चे व अन्य परिजन रहते हैं। मंगलवार दोपहर को उनकी चार वर्षीय पुत्री



आफरीन, तीन वर्षीय पुत्री आफिया घर में ही खेल रही थीं। इस दौरान दोनों ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। दोनों बच्चियों की हालत खराब होने पर परिजनों को जानकारी हुई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## कारोबारी की थाने से 900मी दूर गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोनी:** गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी थाने से करीब 900 मीटर की दूरी पर फरीदाबाद के कारोबारी भगवान (38) की कमर में गोली मारकर हत्या कर दी। वह लोनी में अपने रुपये लेने आए थे। उनको कॉल कर बुलाया था। परिजनों ने अज्ञात बदमाशों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। फरीदाबाद में भगवान पत्नी संध्या और चार बच्चों के साथ रहते थे। वह फरीदाबाद में बिजली (डेकोरेशन) का काम करते थे। उनके भाई मंगल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह उनका भाई घर से लोनी रुपये लेने के लिए गया था। भगवान ने दिल्ली के प्रगति मैदान में एक कार्यक्रम में लाइट लगाई थी। उस कार्यक्रम के रुपये बकाया थे। शनिवार सुबह भगवान को कॉल कर लोनी बुलाया था। उन्हें लोनी में करीब पांच लाख रुपये लेने थे। वह बाइक से लोनी आए। जिस व्यक्ति से रुपये लेने थे। उसके ऑफिस में बैठे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे भगवान का फोन घर पर आया था कि सुबह नौ बजे से बैठे हैं लेकिन व्यक्ति रुपये लेकर नहीं आया है। इसके बाद भगवान का फोन नहीं आया। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे लोनी पुलिस ने मंगल सिंह को फोन कर भगवान के एक्सीडेंट होने की जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन लोनी दो नंबर स्थित अस्पताल में पहुंचे। यहां आकर पता चला कि भगवान की कमर में गोली मार कर हत्या की गई है। भगवान की मौत की खबर सुनने के बाद परिवार में मातम पसर गया। संध्या ने अज्ञात बदमाशों पर गोली मारकर हत्या करने की तहरीर पुलिस को दी।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त (1) सचेत उर्फ छोटू, पुत्र रामचंद, (2) समीर उर्फ टिल्लू, पुत्र राजा कुमार, दोनों का पता:** एफ–268, कुमार बस्ती, हौज रानी, मालवीय नगर, ने **FIR No. 543/2023, date 08.10.2023 U/s 304/34 IPC** थाना मालवीय नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) सचेत उर्फ छोटू और (2) समीर उर्फ टिल्लू** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) सचेत उर्फ छोटू और (2) समीर उर्फ टिल्लू** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 543/2023, date 08.10.2023 U/s 304/34 IPC** थाना मालवीय नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **(1) सचेत उर्फ छोटू और (2) समीर उर्फ टिल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिल्पी सिंह,
महानगर दण्डाधिकारी,
कमरा नं. 213, द्वितीय तल,
साकेत न्यायालय परिसर, नई दिल्ली

DP South District 2024

## बार-बार शिकायत कर रहा था खरीदार, लगा 5000 का जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा:** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की पीठ ने न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर एक शिकायतकर्ता पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। खरीदार लगातार शिकायत कर रहा था। जबकि दो शिकायत में खरीदार के पक्ष में आदेश आ चुका था। चौथी बार शिकायत करने पर पीठ ने अनुचित आचरण मानकर खरीदार पर कार्रवाई की है। ताकि फिर कोई ऐसा नहीं कर सके।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


### उत्तर रेलवे
#### निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-12-T-2024-25-E3 रेल भवन में एयर कंडीशनिंग कार्य के संबंध में सभी गलियारों के नवीनीकरण के कार्य के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु० 351.67 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु० 325800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 20.05.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 20.05.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1213/24

### पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र अज्ञात पता अज्ञात जिसकी उम्र 40 वर्ष, कद: 5'3", रंग: गेहुँआ, **पहचान:** ठुड्डी पर काला तिल है, जिसने काले रंग की पैंट, सफेद रंग की कमीज और कॉफी रंग का स्वेटर पहने है। जो कि 30.03.2024 को दोपहर 01:38 बजे पुरानी सीमापुरी, ठेका के पास, दिल्ली में मृत अवस्था में मिला। इस संदर्भ में **GD No.70A, दिनांक: 30.03.2024** थाना सीमापुरी, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना: सीमापुरी, दिल्ली
फोन नं. 011-22599394, 22599395
मो.: 7065036030

दि.पु./4623/शाहदरा/2024

### पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** सुधबीर, **पुत्र:** सुधीर, **पता:** नामालूम, **उम्र:** 60-65 साल, **कद:** 5'6", **रंग:** गेहुँआ, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** मध्यम, **बाल:** काले और सफेद, **पहनावा:** ग्रे रंग की पैंट और आसमानी रंग की शर्ट पहने हुए है। जो दिनांक 14.03.2024 को फुटपाथ, लिंक रोड, न्यू लाजपत राय मार्केट, दिल्ली में बेहोशी की हालत में मिला। जिसे अरुणा आसफ अली सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया। जिसे इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित किया गया। इसके मृत शरीर को पहचान के लिए सब्जी मंडी अस्पताल मोर्चरी, दिल्ली में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **डीडी सं.18A दिनांक 14.03.2024 को पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली
**DP/4795/N/2024** Ph. : 9582030930, 8750870121

### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | लाइन नंबर की पूर्ण लंबाई सीएसएल के प्रावधान के साथ यार्ड रीमॉडलिंग के प्रावधान के लिए मौजूदा ओएचई व्यवस्था में परिवर्तन/परिवर्तन। 6 एवं 7 दिल्ली किशनगंज में रनिंग लाइन में परिवर्तन के साथ। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,99,64,701.37/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,49,800/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 03.05.2024 (00.00 बजे) से 17.05.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 17.05.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 20166203 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 11-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 22.04.2024 1208/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## नानी के घर गई किशोरी को मामा के कुत्ते ने काटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गांधी नगर इलाके में नानी के घर गई किशोरी को उसके मामा के देसी नस्ल के पालतू कुत्ते ने काट लिया। खुशी को स्वामी दयानंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। किशोरी की मां पूनम ने 21 अप्रैल को गांधी नगर थाने में अपने भाई राजेश के खिलाफ जानवर पालकर मानव जीवन खतरे में डालने की धारा में प्राथमिकी करवाई है। पूनम अपने परिवार के साथ गीता कालोनी इलाके में रहती है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रताप सिंह, पुत्र जन्तर सिंह,** निवासी मकान नं. 147, टाइप–1, गुलाबी बाग, दिल्ली ने **केस रजि. नं. 21628/2019, धारा 138 एनआई एक्ट** के तहत थाना बुध विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रताप सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रताप सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **केस रजि. नं. 21628/2019, धारा 138 एनआई एक्ट** के तहत थाना बुध विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रताप सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 10.07.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
एन्बानी अग्रवाल
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4419/RD/2024

### उत्तर रेलवे
#### ई-निविदा
**खुली निविदा संख्या 03-अम्बाला/2024-25 दिनांक 23.04.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नाम:** अम्बाला डिवीजन पर सरहिंद–दौलतपुर चौक सेक्शन में ब्रिज नं. 93, 99, 140, 153 व 154, सहारनपुर–अम्बाला सेक्शन में 245 और जाखल–हिसार सेक्शन में ब्रिज नं. 2 (संख्या 9) में स्थापित जल स्तर निगरानी प्रणाली का एएमसी अम्बाला–सहारनपुर सेक्शन में पुल नं. 283, 294 व अम्बाला–कालका सेक्शन में ब्रिज नं. 262 पर जल स्तर निगरानी प्रणाली स्थापित करना।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 27,95,295 | 55,900 | 12 महीने | 16.05.2024 |

2 **कार्य का नाम:** (1) सहायक मंडल अभियंता/बठिण्डा के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीडब्ल्यूआई/बरनाला के सेक्शन में राजपुरा–बठिण्डा सेक्शन पर नई दोहरी लाइन से संबंधित बाकी की कमियों को हटाना। (2) सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर पीडब्ल्यूआई/पटियाला के सेक्शन में राजपुरा–बठिण्डा सेक्शन पर नई दोहरी लाइन से संबंधित बाकी की कमियों को हटाना।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 55,20,073 | 1,10,400 | 04 महीने | 16.05.2024 |

3 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/अंबाला के तहत सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अनुभाग में CS, CMS, TWS के साथ टर्नआउट का नवीनीकरण।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1,27,40,206 | 2,13,700 | 12 महीने | 16.05.2024 |

4 **कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन-II/यूएमबी के अधीन सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अनुभाग में आरपीजे–डीयूआई के बीच आरसीसी बॉक्स के साथ आर्च ब्रिज नंबर 63, 93, 103, 148 का पुनर्निर्माण।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 93,51,585 | 1,67,000 | 06 महीने | 16.05.2024 |

5 **कार्य का नाम:** सीनियर सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद सेक्शन में टीबीटीआर (एच–बीम)-914 नग। (SIR-DLPC सेक्शन पर ब्रिज नंबर 140, 148, 179 और 220) और एडीईएन/यूएमबी सेक्शन में MOY-UMB सेक्शन में ब्रिज क्रमांक 232 (पूरी) पर स्टील चैनल स्लीपर को 46 एच–बीम स्लीपर से बदलना।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 2,71,67,556 | 2,85,800 | 06 महीने | 16.05.2024 |

6 **कार्य का नाम:** अम्बाला डिवीजन में आरओबी/एफओबी नीव के नजदीक आईआरपी डब्ल्यूएम पैरा संख्या 228 के अनुसार रेलवे ट्रैक पर गार्ड रेल का प्रावधान।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 55,15,081 | 1,10,300 | 06 महीने | 16.05.2024 |

**नोट:** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1209/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वेल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731
**कनाडा,** ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं बिजया चक्रवर्ती पत्नी पूर्व हवलदार संख्या-14238613K श्री गौतम चक्रवर्ती मकान नं. 302, पॉकेट-डी-7, सेक्टर-6 रोहिणी, दिल्ली-110085 की निवासी हूं। मेरा सही नाम रीना चक्रवर्ती है। रीना चक्रवर्ती और बिजया चक्रवर्ती दोनों मेरे ही नाम है।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयाशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# केजरीवाल के लिए यातना गृह बना तिहाड़: संजय सिंह

## उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, जैसा हिटलर के काल में किया जाता था: आप नेता संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने फिर से केंद्र की भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तिहाड़ जेल सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक यातना गृह बन गया है। आप नेता ने कहा, "उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, जैसा हिटलर के काल में किया जाता था। संजय सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल को 24 घंटे प्रधानमंत्री कार्यालय और एलजी की निगरानी में रख जा रहा है। दोनों ही सीसीटीवी का लिंक मंगवाकर केजरीवाल को देख रहे हैं।"

पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान संजय सिंह ने सवाल किया, प्रधानमंत्री जी आप क्या देखना चाहते हैं? क्या अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन मिली या नहीं? वो कितना बीमार हुए उनकी किडनी, लीवर और स्वास्थ्य खराब हुआ या नहीं ? आप ये देखना चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल का कितना मनोबल गिरा? प्रधानमंत्री जी ने एलजी को भी इसी काम में लगा दिया है कि अरविंद केजरीवाल को कितनी यातनाएं दी जा रही है। संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का अत्याचार पूरा देश देख रहा है। आप ये भी देख रहे होंगे कि केजरीवाल जेल में झाड़ू लगाते हैं। उन्होंने कहा, "वो अंदर जितना झाड़ू लगाएंगे बाहर उतना ही भाजपा साफ होगी। सीएम को दी जा रही यातनाओं के देखकर उनके माता पिता बेहद दुखी हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पहले चरण के चुनाव बाद भाजपा बौखला गई है।"

**केजरीवाल के खिलाफ हो रही गहरी साजिश:** संजय सिंह ने दावा किया, 24 घंटे मानिटरिंग करने का मकसद ये देखना है कि वो कितना परेशान हैं। कितना टूटा? कब सो रहा है? इतना परेशान किया जाए कि जान से खिलवाड़ हो जाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ सरकार गहरी साजिश रच रही है।





**आरोप**

8 वो अंदर जितना झाड़ू लगाएंगे बाहर उतना ही भाजपा साफ होगी: सांसद संजय सिंह

### हनुमान मंदिर पहुंचीं सुनीता केजरीवाल: बाबा सबको सदबुद्धि दें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर आम आदमी पार्टी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। आप ने केंद्र सरकार पर अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल के अंदर मारने की साजिश करने का आरोप लगाया है। इस बीच, जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अपने पति और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। साथ ही भगवान हनुमान जी से दिल्ली सीएम और राजधानी वासियों की सभी परेशानियों को दूर करने और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मैंने कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन किए और प्रार्थना की है कि हनुमान बाबा सबको सदबुद्धि दें, सबका मंगल हो, हनुमान बाबा सबके कष्ट दूर करें, मेरे भी। सर (अरविंद केजरीवाल) के साथ जल्द ही आऊंगी।

**7 मई तक न्यायिक हिरासत में हैं दिल्ली सीएम:** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। ताजा मामले में आज न्यायिक हिरासत खत्म होने पर ईडी ने दिल्ली सीएम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया, जहां राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को 7 मई तक बढ़ा दिया। उल्लेखनीय है कि शुगर का स्तर बढ़ने के बाद तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार रात पहली बार इंसुलिन दिया गया है। आप सूत्रों के मुताबिक, जेल में उनका शुगर लेवल 320 तक पहुंच गया था, जबकि इसकी आदर्श सीमा 70 और 100 के बीच होनी चाहिए।

# एलजी ने भी गाजीपुर अग्निकांड का लिया संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग का दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से इस संदर्भ में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। रिपोर्ट में उन्होंने यह भी बताने को कहा है कि आग क्यों लगी, इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं तथा कूड़े के पहाड़ खत्म करने को लेकर प्रगति धीमी क्यों है? एलजी ने इस घटना को लेकर रविवार को भी निगमायुक्त से बात की थी। आग पर नियंत्रण के लिए सभी संभव उपाय करने के लिए भी कहा था। अब जबकि आग पर काबू पा लिया गया है तो एलजी ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस मामले में रिपोर्ट भी देने को कह दिया है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही आगे के कदम उठाए जाएंगे।



**गाजीपुर लैंडफिल आग पर सियासी घमासान :** उल्लेखनीय है कि पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल साइट पर रविवार को लगी आग पर अब काबू पा लिया गया है। इससे निकलने वाले धुएं से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। इस मामले को लेकर सोमवार को भाजपा और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के बीच सियासी घमासान छिड़ गया है। भाजपा और आप ने कूड़े के ढेर के प्रबंधन और इसकी उत्पत्ति को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्ट ने वादा किया था कि अगर वे एमसीडी चुनाव (दिसंबर 2022 में) जीतते हैं तो दिसंबर 2023 तक लैंडफिल साइट को साफ कर दिया जाएगा। इसके बजाय एक नई लैंडफिल साइट बनाई गई है।

# 'मुफ्त उपहार का वादा करने से बचें राजनीतिक दल'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि राजनीतिक दलों को पर्याप्त संसाधनों के बिना मुफ्त उपहार का वादा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पार्टियां बड़े-बड़े वादे करती हैं तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उन्हें संसाधन कहां से मिलेंगे। नायडू ने कहा कि लोगों को उन पार्टियों से भी सवाल करना चाहिए जिनके पास संसाधनों के बारे में कुछ नहीं है, लेकिन सत्ता हासिल करने के लिए उन्होंने खोखले वादे किए।

पूर्व उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को नई दिल्ली के त्यागराज मार्ग स्थित अपने आवास पर मीट-एंड-ग्रीट गेट-टुगेदर में ये टिप्पणियां कीं।



बातचीत के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए नायडू ने कहा कि पद्म विभूषण सम्मानित होने पर वह विनम्र और संतुष्ट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति मेरे विनम्र योगदान की यह मान्यता नए जोश के साथ समाज की सेवा करने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में नायडू को पद्म विभूषण से अलंकृत किया था। नायडू ने राजनेताओं में एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने की प्रवृत्ति की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह इतना व्यापक हो गया है कि कभी-कभी एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में जाने के कारण यह निर्धारित करना मुश्किल हो जाता है कि अमुक राजनेता किस दल से संबंधित है। राजनीति में इस तरह की पार्टीबाजी एक अस्वस्थ प्रवृत्ति का संकेत है।

अपना स्वयं का उदाहरण देते हुए नायडू ने कहा कि वह अपने पूरे करियर में अपनी पार्टी के प्रति वफादार रहे और कभी भी किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने बताया कि यह स्थिति तब भी थी जब उनकी पार्टी बेहद कमजोर स्थिति में थी।

## रामपुरा में रेलवे लाइन किनारे झुग्गियों में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के लारेंस रोड औद्योगिक क्षेत्र के पास रामपुरा में रेलवे लाइन किनारे झुग्गियों में आग लग गई। सूचना पर आग पर काबू पाने के लिए मौके पर दमकलकर्मी पहुंचे। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक, आग सुबह लगभग 8:30 बजे लगी थी। इस घटना में करीब 80 झुग्गियां जल गईं। आग की किस वजह से लगी अभी तक इसका पता नहीं चल पाया है। साथ ही किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने से सैकड़ों झुग्गीवासी बेघर हो गए।

# कांग्रेस में टिकट को लेकर असंतोष

## थम नहीं रहा उदित राज की उम्मीदवारी का विरोध

**नाराजगी**

8 परिसर में ही उत्तर पश्चिमी सीट से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उदित राज के खिलाफ खूब नारेबाजी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली कांग्रेस में टिकट को लेकर चल रहा असंतोष प्रेस वार्ता के दौरान भी देखने को मिला। पार्टी कार्यालय परिसर में ही उत्तर पश्चिमी सीट से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उदित राज के खिलाफ खूब नारेबाजी की। इन कार्यकर्ताओं का कहना था कि पार्टी ने अच्छे प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया है। उनकी गाड़ी को घेरने की कोशिश भी की गई। इससे गुस्साए उदित राज ने कहा कि नारेबाजी करने और करवाने वाले नेताओं की वजह से ही कांग्रेस पिछले चुनाव में दिल्ली में चार प्रतिशत वोट पर सिमट गई थी। विरोध करने वाले पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान और पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार के खिलाफ आलाकमान से लिखित शिकायत भी की है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उदित राज के खिलाफ विरोध को देखते हुए जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कर उन्हें सारी स्थिति से अवगत कराया जाएगा। उनसे आग्रह किया जाएगा कि इस उम्मीदवारी को लेकर पुनर्विचार करें।



### जीते तो हर वर्ग की समस्या संसद में उठाऊंगा: जेपी

**चांदनी** चौक सीट से पार्टी उम्मीदवार जेपी अग्रवाल ने कहा कि वे आठवीं बार चांदनी चौक से चुनाव लड़ रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ चांदनी चौक क्षेत्र के मतदाता भी हैं। चांदनी चौक दिल्ली का दिल है और यहां रहने वाला हर व्यक्ति चाहे वह गरीब हो, अमीर हो, मध्यम वर्ग का हो, रेहड़ी-पटरी वाला हो, मजदूर हो, व्यापारी, दुकानदार और स्थानीय निवासियों के साथ उनके घरेलू संबंध है। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद वे यहां के हर वर्ग की समस्याओं को संसद में उठाएंगे।

**कांग्रेस प्रत्याशियों ने किया जीत का दावा, बताईं प्राथमिकताएं :** आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से कांग्रेस के हिस्से तीन में दो सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर पार्टी के अंदर ही घमासान चल रहा है। इसके बीच सोमवार को कांग्रेस ने प्रेसवार्ता कर अपने तीनों प्रत्याशियों का परिचय कराया। जहां प्रत्याशियों ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी प्राथमिकताएं भी बताईं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने तीनों पार्टी प्रत्याशियों का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से भाजपा के कुशासन और गलत नीतियों के चलते दिल्ली सहित पूरे देश की जनता त्रस्त है।

# दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण की निगरानी का दायरा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण पर निगरानी का दायरा बढ़ाया गया है। 24 नई जगह चिन्हित की गई हैं। मतलब अब यहां 13 हॉट स्पॉट सहित कुल 37 जगहों पर प्रदूषण की निगरानी की जाएगी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने इन जगहों पर प्रदूषण के स्रोतों की भी पहचान की है। डीपीसीसी ने इस आशय की जानकारी अपनी नई रिपोर्ट "इन्वेंटरी आफ मेजर प्वाइंट एयर पल्यूशन सोर्स इन दिल्ली" में शामिल की है।

**दिल्ली की हवा साफ करने की कवायद शुरू :** दरअसल, देश और दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शामिल दिल्ली की हवा को साफ करने के लिए नए सिरे से कवायद शुरू की गई है। इस क्रम में अब 37 ऐसे इलाकों की पहचान की गई है जहां पर प्रदूषण का स्तर आमतौर पर ज्यादा रहता है। इनमें प्रदूषण के हॉट स्पॉट के तौर पर पहले से ही चिन्हित 13 जगहों के साथ-साथ 24 अन्य स्थलों की भी पहचान की गई है। डीपीसीसी द्वारा तैयार इस रिपोर्ट की खास बात यह है कि इन सभी जगहों पर प्रदूषण के स्रोतों की जानकारी भी बिंदुवार एकत्रित की गई है।

### डीपीसीसी की रिपोर्ट में चिह्नित किए गए 24 नए क्षेत्र

**अलीपुर**, आयानगर, बुराड़ी क्रॉसिंग, सीआरआरआई मथुरा रोड, करणी सिंह शूटिंग रेंज, डीटीयू, नार्थ कैंपस डीयू, इहबास, आईटीओ, जेएलएन स्टेडियम, लोधी रोड, नजफगढ़, नेशनल स्टेडियम (डीसीएन), नेहरू नगर, न्यू मोती बाग, एनएसयूटी द्वारका, पटपड़गंज, पूसा, पूसा सेंट्रल, शादीपुर, सिरी फोर्ट, सोनिया विहार, अरविंदो मार्ग।

# बीआरएस नेता के. कविता को कोर्ट ने 7 मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को 7 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। के. कविता की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। सीबीआई ने के. कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी। इसके पहले के. कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लांड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में थी। सीबीआई ने इस मामले में के. कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी। कोर्ट ने 5 अप्रैल को सीबीआई को के. कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी थी। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था।

## दंगे की साजिश रचने के लिए हुई थी बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली दंगा से जुड़े बड़े आपराधिक साजिश रचने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने आरोपित सलीम मलिक की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सलीम उस बैठक का हिस्सा था, जिसमें हिंसा व आगजनी की बातें खुले तौर पर चर्चा की गई थीं। अदालत ने कहा कि बैठक में धन जुटाने से लेकर लोगों को मारने के लिए हथियार व पेट्रोल बम की व्यवस्था व संपत्ति व सीसीटीवी को नुकसान पहुंचाने की भी हुई थी चर्चा। अदालत ने कहा कि रिकार्ड पर मौजूद सामग्री से पता चलता है कि सह-आरोपित ने साजिश रचने व अपराध करने का हिस्सा था।

# मेयर चुनाव 26 अप्रैल को होगा या नहीं, स्थिति स्पष्ट नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में मेयर व उप मेयर चुनाव निर्धारित तिथि 26 अप्रैल को होगा या नहीं अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि न तो पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति को लेकर कोई स्थिति स्पष्ट हो पाई है न ही आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान मेयर व उपमेयर के चुनाव कराने की इजाजत आई है। ऐसी स्थिति में मेयर चुनाव इस माह होगा या नहीं इसको लेकर पार्षदों के बीच चचाएं हो रही है। हालांकि निगम अधिकारिक तौर पर इस मामले में कुछ नहीं बोल रहा है। पर निगम की तैयारी इस हिसाब से की जा रही है कि 25 अप्रैल को शाम पांच बजे तक भी इजाजत आ जाती है तो 26 को चुनाव करा लिया जाएगा।



**एक महीने के लिए स्थगित हो सकता है चुनाव :** मेयर व उप मेयर चुनाव में सबसे बड़ी अड़चन चुनाव आयोग से आने वाली अनुमति है, क्योंकि 2014 के मेयर चुनाव के लिए भी यह अनुमति 10 अप्रैल को दिल्ली में मतदान के बाद ही कराने की मिली थी। चूंकि इस बार दिल्ली में लोकसभा चुनाव 25 को है तो संभावना है कि चुनाव आयोग 25 मई के बाद ही चुनाव कराने की इजाजत दें। जिससे चुनाव एक माह के लिए स्थगित हो सकते हैं।

**कन्फ्यूजन**

8 न तो पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति को लेकर कोई स्थिति स्पष्ट हो पाई है न ही आचार संहिता को लेकर

**26 अप्रैल के हिसाब से तैयारी कर रहा निगम :** सूत्र बताते हैं कि दिल्ली विधानसभा से मनोनीत होने वाले 14 विधायकों का कार्यकाल भी 31 मार्च को खत्म हो चुका है। अभी तक इस वर्ष के लिए भी नए सदस्यों का मनोनयन बाकी है। निगम सूत्रों के मुताबिक निगम अपनी तैयारी 26 अप्रैल के हिसाब से कर रहा है। बाद में जो भी आदेश होगा उसी हिसाब से कार्य होगा। उल्लेखनीय है कि निगम में पीठासीन अधिकारी नियुक्ति की फाइल दिल्ली सरकार में सीएम के माध्यम से ही एलजी के पास जाती है। अब सीएम जेल में हैं तो कैसे यह फाइल एलजी के पास जाएगी, इस पर असमंजस की स्थिति है।

**आप के बागी ने वापस लिया नामांकन :** मंगलापुरी से आप पार्षद नरेंद्र कुमार ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। उन्होंने बागी के तौर पर नामांकन किया था। उनके नामांकन के बाद ही आप नेता उन्हें मनाने लगे थे।

# और गहरे होते दिल्ली दंगों के घाव! पुलिस की जांच में 'दोष'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साढ़े तीन साल बीतने के बाद उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगे के घाव भरने के बजाय और गहरे होते जा रहे हैं। अब तक निर्णायक मोड़ पर पहुंचे ज्यादातर मामलों में दिल्ली पुलिस की अधकचरी जांच के कारण साक्ष्यों के अभाव व सही गवाह न होने के चलते आरोपित बरी हुए हैं।

**केवल 16 केस में दोष सिद्ध हुए:** कम ही मामलों में लोग दोषी पाए गए हैं। यह बात खुद पुलिस के आंकड़े बयां कर रहे हैं। 73 मामलों में लोग बरी व शुरूआती स्तर पर आरोप मुक्त हुए हैं। ये इशारा है कि इन मामलों के पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया। केवल 16 केस में ही आरोपियों पर दोष सिद्ध हुआ। कई मामलों में आदेश करते हुए खुद कोर्ट ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए। यहां तक कहा कि पुलिस ने आधी-अधूरी जांच कर आरोपपत्र दायर किए गए।



**57 मामलों में लगाई क्लोजर रिपोर्ट :** उत्तर पूर्वी जिला पुलिस के मुताबिक, विभिन्न थानों पंजीकृत 57 मामलों को बंद करने के लिए पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट लगाई है। ये वो मामले हैं, जिनमें पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा। यानी इन मामलों में पीड़ितों के साथ अन्याय करने वाले कभी सलाखों के पीछे नहीं जा पाएंगे। इनमें से 43 क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है, जबकि 14 रिपोर्ट अभी विचाराधीन हैं।

**जांच पर सवाल**

8 कई मामलों में आदेश करते हुए खुद कोर्ट ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए और टिप्पणी की

**268 में जांच जारी :** पुलिस ने दंगे से जुड़े 758 मामले पंजीकृत किए थे। इनमें से एक स्पेशल सेल, 62 क्राइम ब्रांच और 695 उत्तर पूर्वी दिल्ली के विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं। साढ़े तीन वर्ष बीतने के बावजूद इनमें अभी 268 मामलों में जांच पूरी नहीं कर पाई है। दंगे की साजिश रचने के मामले की जांच स्पेशल सेल कर रही है, इसमें दो आरोपित गिरफ्त के बाहर हैं। 24 फरवरी 2020 को चमन पार्क में मिठाई के गोदाम में उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के रोखड़ा गांव निवासी दिलबर नेगी का आधा जला शव बरामद हुआ था। उसके हाथ और पैर भी गायब थे।

इस मामले में बुधवार को कड़कड़डूमा कोर्ट ने 12 में से 11 आरोपितों को आरोप मुक्त कर दिया। एक आरोपित मोहम्मद शाहनवाज पर हत्या समेत अन्य आरोप तय किए गए है।

# चार केंद्रों पर मतदान करेंगे कश्मीरी हिंदू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वर्षों से मूल निवास स्थान से दूर विस्थापन की जिंदगी जी रहे कश्मीरी हिंदुओं के मतदान के लिए दिल्ली में चार विशेष मतदान केंद्र बनाए गए हैं।इन मतदान केंद्रों पर जाकर लोग अपने मूल निवास के संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार को वोट दे सकते हैं। चुनाव आयोग ने पिछले महीने इसको लेकर अधिसूचना जारी की थी। दिल्ली में कश्मीरी पंडित विभिन्न जगहों पर रहते हैं। ऐसे में पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं के मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को कहा गया है। कश्मीर के बारामूला, श्रीनगर और अनंतनाग राजौरी संसदीय क्षेत्र की कुपवाड़ा, बारामुल्ला, बांदीपोरा, गंदरबल, श्रीनगर, बड़गाम, पुलवामा, कुलगाम और अनंतनाग विधानसभा क्षेत्र के विस्थापित लोग फॉर्म एम/12-सी के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।



**राजधानी में रहते हैं करीब 60 हजार कश्मीरी हिंदू**

ये फॉर्म ऑनलाइन या या सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) से प्राप्त कर सकते हैं और इसे डाक मतपत्र प्रक्रिया के माध्यम से डाल सकते हैं।

विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं को उनके मूल निवास का वोटर बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने अभियान चलाया था। माना जाता है कि अभी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में करीब 60 हजार कश्मीरी हिंदू रह रहे हैं।

# हरियाणा से एक ही आवाज-अबकी बार-400 पार: सीएम नायब सैनी

## केंद्र और प्रदेश सरकारों की ट्रांसपेरेंट नीति से नौकरियों और तबादलों में जनता को पूरा लाभ मिला : नायब सैनी, तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर 70 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड मिलेगा: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्श नइंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साढ़े 9 साल में हरियाणा सरकार द्वारा किए गए विकास के कार्यों पर 25 मई को हरियाणा की जनता मोहर लगाकर 10 की 10 लोकसभा सीट भाजपा की झोली में डालने का काम करेगी, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बड़ी ताकत हासिल होगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को नारनौल में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार धर्मवीर सिंह के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा का यह इलाका 2014 से पहले इस स्थिति में चला गया था कि यहां पर पानी की बूंद तक नहीं बची थी, भूमिगत जल का स्तर 1000 फुट से नीचे चला गया था,जिसे प्रदेश सरकार के प्रयासों से रिचार्ज किया गया। आज यहां पर पानी 300 फीट पर है। जिससे लोगों को भारी लाभ हुआ है और किसानों के खेतों में फसलें लहराने लगी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की अनेक बड़ी-बड़ी समस्याओं का समाधान करने का काम किया है, जिनमें धारा 370 को खत्म करना, राम मंदिर का निर्माण करना, सीएए लागू करना, बोडो समस्या का समाधान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने इतने काम किए हैं कि आज प्रदेश का हर नागरिक पूरी तरह से खुश है और सरकार ने सुशासन का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिस कारण आज पूरे हरियाणा से एक ही आवाज आ रही है कि अबकी बार- 400 पार।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम किया है और रेलवे और एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने के साथ-साथ एम्स बनाने पर ध्यान दिया। नायब सैनी ने कहा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखी है इसके बनने से न केवल हरियाणा बल्कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लोगों को भी काफी लाभ होगा। सीएम सैनी ने कहा कि 10 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने इतने काम किए हैं कि अब विपक्ष लोगों को बरगलाकर वोट हथियाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन प्रदेश की जनता भली प्रकार जानती है कि यह लोग झूठ बोलकर वोट हथियाना का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारों ने ट्रांसपेरेंट नीति से काम करते हुए नौकरियों और तबादलों में भी पूरी तरह पारदर्शिता बरती है। जिसके कारण आज हर गांव से गरीब से गरीब घर से 50 से 400 तक बच्चे नौकरी में लगे हैं। सीएम सैनी ने कहा कि आज देश में ऐसे राजनीतिक हालात हैं कि देश की जनता नरेंद्र मोदी को 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करवाकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुकी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज कांग्रेस के लोग भाजपा के सामने चुनाव लड़ने से डरते हैं। उन्हें पता है कि भाजपा की जबरदस्त लहर चल रही है और इस लहर में कांग्रेस को वोट मिलने वाला नहीं है, इसलिए कांग्रेस में कोई भी चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा ाहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प पत्र जारी किया है और इस संकल्प पत्र में साफ किया गया है कि तीसरी बार सरकार बनने पर 70 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड जारी किया जाएगा ताकि वह अपने इलाज के लिए पूरी तरह से आशान्वित रहे। इसके अलावा सरकार ने रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा रेल और एयर की कनेक्टिविटी को अधिक मजबूत करने का संकल्प किया है।



### युवाओं में है जबरदस्त उत्साह : राव

**केंद्रीय मंत्री** राव इंद्रजीत ने कहा कि भारत ऐसा देश था जहां सिकंदर भी देश को लूटने के लिए आया। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। युवाओं में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता सबसे ज्यादा है। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में तीन लाख युवा मतदाता हैं।

राव इंद्रजीत ने केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का काम किया है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि केवल नरेंद्र मोदी ही ऐसे व्यक्ति हैं,जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का काम कर सकते हैं। आज पूरे विश्व में भारत की धाक है। भारत एक बार फिर विश्व के नक्शे पर विश्व गुरु के रूप में अपनी पहचान कायम कर रहा है।

### 'भावनाओं में बहकर मतदान न करें'

**हरियाणा** के सिंचाई मंत्री डॉ अभय सिंह ने कहा कि चुनाव पांच साल में एक बार आता है और किसी भी व्यक्ति को भावनाओं में बहकर मतदान नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बार गलती करने से 5 साल तक पछताना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब मतदान करने के लिए जाएं तो 1952 से लेकर 2014 तक के विकास कार्यों को और 2014 से लेकर 2024 तक के विकास कार्यों का एक बार आकलन जरूर करें। उसके बाद अपनी आत्मा से पूछ कर फैसला करें।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले क्षेत्र के बहुत से गांव में पानी की स्थिति यह थी कि पानी 1000 फीट नीचे चला गया था लेकिन सरकार के प्रयासों से अब यह है 300 फीट पर आ गया है। सिंचाई मंत्री ने कहा कि बात पानी की हो या नौकरी की या फिर सड़कों के जाल की, हर मामले में भाजपा ने विकास करवा कर दिखाया है।

# पंचकूला विधानसभा क्षेत्र की विजय संकल्प रैली 28 अप्रैल को: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला: हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद** गुप्ता ने कहा कि 28 अप्रैल को होने वाली पंचकूला विधानसभा क्षेत्र की विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक होगी। ज्ञानचंद गुप्ता मंगलवार को पार्टी कार्यालय पंचकमल में हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता बैठक हुई बैठक में रैली की तैयारियों के लिए पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विधानसभा के अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि अंबाला लोकसभा के प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में मुख्यमंत्री नायब सैनी 28 अप्रैल को सायं 4 बजे अग्रवाल भवन, सेक्टर-16 के पीछे पार्किंग में पंचकूला विधानसभा क्षेत्र की विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। गुप्ता ने कहा कि पंचकूला की विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक और भव्य होगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को रैली में लेकर आएं। रैली की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अभी से काम में लग जाएं। गांव-गांव, वार्ड व मोहल्लों में जाकर लोगों को रैली का निमंत्रण दें। उन्होंने कहा कि गांवों के प्रमुख लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित करें। गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताएं कि मोदी और नायब सरकार में हर वर्ग को न्याय मिल रहा है और जबरदस्त विकास कार्य हो रहे हैं।

**संकल्प रैली**

**8 लोगों को बताएं कि 10 सालों में कैसे डबल इंजन सरकार ने लोगों के जीवन को सरल बनाया है**

गुप्ता ने कहा कि सरकार ने किसान, कर्मचारी, व्यापारी हितैषी नीतियां लागू की हैं। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के फामूर्ले पर कार्य कर रही है। सरकार किसी भी क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे नहीं छोड़ना चाहती। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो परिवारवाद, क्षेत्रवाद और भाई भतीजावाद के खिलाफ हैं। भाजपा में कार्यकर्ता ही शिखर तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि साधारण परिवार से आने वाला व्यक्ति नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनते हैं, यह भाजपा में ही संभव है। बैठक में गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता लोगों के बीच जाएं और मोदी तथा नायब सरकार की उपलब्धियां बताएं। उन्होंने कहा कि लोगों को बताएं कि 10 सालों में कैसे डबल इंजन सरकार ने लोगों के जीवन को सरल बनाया है। सड़कों का जाल बिछाकर बेहतर कनेक्टिविटी लोगों को दी है।

## सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षकों का सम्मान कर महिलाओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** महिला एवं यूथ उत्पीड़न निर्माण मंच के तत्वावधान में हमारा प्रयास-मंदबुद्धि अनाथ महिला आश्रम अर्बन एस्टेट में मंगलवार को झ्रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण 2023-24झ कोच सम्मान समारोह कार्यक्रम किया किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वार्ड 14 जिला पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा शामिल हुए। रविता स्याहड़वा व सुनीता तंवर ने अतिथियों का स्वागत किया।

## आंधी के साथ आई तेज बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** जिले में मौसम में अचानक हुए बदलाव के चलते मंगलवार दोपहर बाद कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। कई स्थानों पर हल्की आंधी भी चली। नारनौंद क्षेत्र में ज्यादा बारिश दर्ज की गई जिससे किसानों का अनाज मंडी में पड़ा हुआ पीला सोना भीग गया। बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है पहले भी ओलावृष्टि के कारण किसानों को नुकसान हो चुका है। किसानों को नुकसान का मुआवजा अभी तक नहीं मिल पाया है। किसान कुलदीप, अमरजीत, जयवीर, बलबीर, रामपाल, राजकुमार नंबरदार ने बताया कि बारिश के कारण अनाज मंडी में हमारी फसल भी गई है क्योंकि मंडी में जो शेड है, उसके नीचे पहले ही भारी मात्रा में गेहूं रखी हुई है। पिछले काफी दिनों से मंडी में उठान का कार्य नहीं चल रहा जिसके कारण किसानों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। मंगलवार को जो बारिश हुई है। उससे फसल भीग गई है। अब सूखने के बाद ही यह फसल बेची जा सकेगी। अगर मंडी में इसको रखने के उचित प्रबंध होते तो फसल नहीं भीग पाती। सरकार के सभी दावे फेल साबित हो रहे हैं। अनाज मंडी में किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी मंडी में किसानों को कोई सुविधा नहीं दी जा रही। पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी, और कुछ कसर बाकी थी तो अब बारिश ने पूरी कर दी।

**चिंता की बात**

**8 खुले आसमान के नीचे किसानों का पीला सोना भीगा, दो दिन तक मौसम में परिवर्तन की संभावना**

# 'वकील समाज का प्रतिष्ठित वर्ग, आपसे न्याय की उम्मीद'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा : वकील** समाज का प्रतिष्ठित वर्ग है और उनसे लोग न्याय की उम्मीद करते हैं। मैं आपसे वोट की अपील करने के लिए आया हूं। आपके एक एक वोट से देश की आम जनता को न्याय मिलेगा। क्योंकि देश में मोदी की सरकार बनने के बाद जनता को न्याय की उम्मीद बंधी है। डॉ. तंवर मंगलवार को रानियां बार एसोसिएशन में वकीलों से मुखातिब हो रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने 140 करोड़ लोगों के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाया है। संघर्ष को मंजिल मिलने का रास्ता बीजेपी में दिखाई दिया तो मैने इस पार्टी में ज्वाइन किया। मेरे साथियों का सहयोग और समर्थन हर समय मेरे साथ है। डॉ. तंवर ने कहा कि सिरसा मेरी कर्मभूमि रही है। मैंने अपना घर यहां बनाया। यहां के लोगों के साथ संपर्क रखा। एक एक व्यक्ति से मेरा निजी संबंध है। आप लोग मेरा साथ दें, मैं जीवन भर आपके संघर्ष का साथी बनकर आपका हमदर्द बनकर रहूंगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समुदाय ने सदैव देश का नेतृत्व किया है। जब जब देश को आवश्यकता पड़ी है, अधिवक्ताओं ने कभी नेता बनकर, कभी पत्रकार बनकर और कभी समाजसेवी बनकर देश की जरूरतों को पूरा किया है।

# रणजीत चौटाला के इस्तीफे पर नहीं हुआ फैसला'

## हिसार से भाजपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे निर्दलीय विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे रणजीत सिंह चौटाला का विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं हुआ है। मंगलवार को रणजीत सिंह चौटाला विधानसभा स्पीकर के समक्ष स्पष्टीकरण के लिए पेश नहीं हुए और उन्होंने अतिरिक्त समय मांग लिया है। जिसके बाद अब स्पीकर के समक्ष इस मामले की सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। रणजीत सिंह चौटाला वर्ष 2019 में रानियां विधानसभा क्षेत्र से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़कर विधानसभा में पहुंचे थे। सरकार गठन के समय रणजीत सिंह ने भाजपा को समर्थन दे दिया। रणजीत सिंह पहले मनोहर लाल और अब नायब सैनी सरकार में कैबिनेट मंत्री है। इस बीच रणजीत चौटाला 24 मार्च को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें हिसार से पार्टी उम्मीदवार घोषित किया है। इसके बाद 26 मार्च को प्रचार शुरू करने से पहले रणजीत सिंह ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। चौटाला ने यह इस्तीफा मेल से विधानसभा स्पीकर को भेजा था। विधानसभा स्पीकर ने इस इस्तीफे पर कानूनी राय ली। कानूनी विशेषज्ञों से राय आने के बाद रणजीत सिंह चौटाला को मंगलवार को विधानसभा स्पीकर के समक्ष पेश होकर इस्तीफे पर किए गए हस्ताक्षरों की वेरीफिकेशन के लिए स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया था। मंगलवार को विधानसभा में आने की बजाए रणजीत सिंह ने निजी व्यस्तता का हवाला देकर स्पीकर से अतिरिक्त समय की मांग की। इसके बाद विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि रणजीत सिंह ने 24 मार्च को उन्हें अपना इस्तीफा भेजा था।



# 140 करोड़ लोगों का भविष्य स्वर्णिम बनाने के लिए भाजपा को वोट दें: डॉ. अशोक तंवर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** देश के 140 करोड़ लोगों का भविष्य स्वर्णिम बनाने का आज वक्त है। आप सब लोग एकजुट होकर भाजपा के चुनाव निशान कमल के बटन पर मोहर लगाएं, ताकि देश तरक्की की राह पर इसी तरह आगे बढ़ता रहे। हम सबने मिल जुलकर इस बार बीजेपी को 400 पार करना है। भारतीय जनता पार्टी के सिरसा लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने रानियां की अनाज मंडी में मंगलवार को जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जल, थल और नभ हर जगह देश को अग्रिम श्रेणी में खड़ा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। देश के आम आदमी की ताकत कैसे बढ़े, इसके लिए उन्होंने काम किया। गांव-शहर का विकास करने वाले एक ऐसे युगपुरुष नरेंद्र मोदी के रूप में हमें मिले जिन्होंने आम आदमी की तरक्की का रास्ता दिखाया। बहन-बेटियों को लखपति दीदी बनाने का काम उन्होंने किया। हमारे पास फिर मौका आया है जब हम देश बनाने का चुनाव करें।



# पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंचे मीठीसुरेरां

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला मंगलवार को हरियाणा के पूर्व मंत्री भागीराम के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके गांव मीठीसुरेरां पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्व. भागीराम के परिजनों के प्रति शोक प्रकट करते हुए कहा कि स्व. भागीराम ने पांच मर्तबा ऐलनाबाद का हरियाणा विधानसभा में प्रतिनिधित्व किया और यहां की जनता की समस्याओं को हल करने में प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि स्व. भागीराम पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के नौ रत्नों में एक थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने स्व. भागीराम परिवार के प्रति अपनी व अपनी पार्टी की ओर से सहानुभूति व्यक्त करते हुए प्रभु से शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा जेजेपी परिवार स्व. भागीराम के परिजनों के साथ है।

**शोक व्यक्त**

**8 स्व. भागीराम ने पांच मर्तबा ऐलनाबाद का हरियाणा विधानसभा में प्रतिनिधित्व किया था**

# उचाना के एसडीएम ने मंडी में धर्म कांटों की जांच की

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने मगंलवार को उचाना अनाज मंडी का दौरा कर फसल खरीद को लेकर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसानों को फसल बिक्री के दौरान मंडियों में कोई परेशानी नही होनी चाहिए। उठान कार्य में संबंधित ठेकेदार अपनी रुचि बनाए रखें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने अधिकारियों से पूछा की गेट पास, बारदाने व फसल खरीद में किसी प्रकार की कोई कमी तो नहीं है। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गेट पास की भी व्यवस्था पूरी तरह से व्यवस्थित रखें। एसडीएम ने खरीद ऐजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि वे फसल खरीद का कार्य निरंतर जारी रखें और मंडियों से फसल उठान का कार्य भी साथ.साथ करते रहे ताकि किसान मंडियों में अपनी फसल सहजता से उतार सके। अब मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर हैए इसलिए पर्याप्त व्यवस्थाएं पूर्ण रखें। उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने उचाना में स्थापित सभी धर्म कांटों का निरीक्षण किया और उन सभी धर्म कांटों पर स्वयं एसडीएम ने अपनी गाड़ी का वजन करवाया और सभी गाडियों में धर्मकांटों पर गाड़ी का वजन बराबर पाया गया।

**जांच**

**8 अपनी गाड़ी का वजन करवाया और सभी गाडियों में धर्मकांटों पर गाड़ी का वजन बराबर पाया गया।**

# निजी स्कूलों की लूट के विरोध में अभिभावकों ने ज्ञापन सौंपा

**यमुनानगर।** निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की बजाए निजी प्रकाशकों की किताबें लगाने और मनमाने दाम वसूलने के विरोध में मंगलवार को आगाज संस्था के बैनर तले बड़ी संख्या में अभिभावकों ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। आगाज संस्था के संस्थापक बलबीर सिंह ने बताया कि निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकों को न लगाकर निजी प्रकाशकों की किताबें लगाई जा रही हैं और मनमाने दाम लेकर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इस पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और एनसीईआरटी की पुस्तकें सख्ती से लगाई जाएं। वहीं उन्होंने बच्चों की स्कूल ड्रेस कोड पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शहर में किसी एक विशेष दुकान से ड्रेस खरीदने का दबाव नहीं होना चाहिए।

बच्चों के ड्रेस को बाजार से किसी भी दुकानदार से खरीदने की छूट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में दाखिला फीस पहली, छटी, नौवीं, 11वीं कक्षा में ही ली जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल में आने-जाने के लिए प्रमाणित वाहनों का ही प्रावधान किया जाए। निजी वाहनों, ऑटो या जर्जर वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि क्योंकि यह बच्चों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

# निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का संचालन करना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य: विक्रम

## लोकसभा चुनाव-2024 के चुनाव पर्व को फेयर एण्ड फ्री करवाने के लिए अधिकारियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद :**जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने लोकसभा चुनाव-2024 प्रक्रिया से जुड़े सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर्स, प्रजाइडिंग ऑफिसर और सहायक प्रजाइडिंग ऑफिसर को ट्रेनिंग में सफल चुनाव संचालन के लिए टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के चुनाव पर्व को फेयर एण्ड फ्री करवाने के लिए अधिकारियों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया में लगाए गए अधिकारियों के स्वयं के वोट डालने के लिए फार्म 12 और 12 ए भी भरवाए गए हैं। ताकि वे चुनाव में ड्यूटी के साथ साथ मतदान करने के भागीदार बन सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह आज मंगलवार को प्रशिक्षण के दूसरे दिन अमृता अस्पताल के ऑडिटोरियम में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोक सभा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर्स, प्रजाइडिंग ऑफिसर और सहायक प्रजाइडिंग ऑफिसर को लोक सभा पर्व चुनाव-2024 के सफल चुनाव संचालन के लिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न ऑफिसर्स को टिप्स दे रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में पोलिंग पार्टियो में शामिल कोई भी अधिकारी ड्यूटी के दौरान गैर हाजिर रहा अथवा चुनाव में ड्यूटी कटवाने के लिए किसी भी प्रकार की सिफारिश करवाता है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134ए व भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि रैंडमाइजेशन प्रक्रिया एनआईसी हरियाणा द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत चुनाव के समय भारत निर्वाचन आयोग की नियमावली के अनुसार पोलिंग स्टाफ के रूप में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित की जाती है। जिला में आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव मतदान प्रक्रिया के मद्देनजर सभी बूथों पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं आयोग की हिदायतों के अनुसार जिला के छः विधानसभा क्षेत्रों में सभी पोलिंग बूथ के अलावा रिजर्व में रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यशाला में एमसीएफ के कमिश्नर स्वप्निल पाटिल, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम बडखल अमित मान, ज्वाइंट कमिश्नर एमसीएफ गजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।



**निष्पक्ष**

**8 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134ए व भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी**

## न्यूज फ्लैश

### 24 और 26 को रिर्हसल मे भाग लेंगे 700 अधिकारी व कर्मचारी

**पानीपत:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। लोकसभा 2024 के आम चुनाव को लेकर पीठासीन, वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित होगा जिसमे 700 अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे। उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि ये प्रशिक्षण दो-दो चरणों में प्रातः 9:30 बजे तथा दोपहर 2:00 बजे आर्य कॉलेज के सभागार में प्रथम स्तर की पायलट रिर्हसल आयोजित की जा रही है। बुधवार 24 अप्रैल व शुक्रवार 26 अप्रैल को दो चरणों में स्थानीय आर्य पी.जी. कॉलेज में टेर्निंग के लिए रिर्हसल किया जायेगा।

### सहेली के घर जाने की बात कहकर निकली थी घर से

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर 32-33 थाना** क्षेत्र में छात्रा संदिग्ध हालत में लापता हो गई। छात्रा घर से शाम को अपनी सहेली के घर जाने की बात कह कर गई थी। इसके बाद व न तो सहेली के घर पहुंची और न ही घर वापस आई। परिजनों ने बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है। वही सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को शिकायत देकर छात्रा का सुराग लगाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी की उम्र 21 से 22 साल है जो बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। कल शाम करीब 5 बजे वह घर से यह कहकर निकली थी कि वह मॉडल टाउन में अपनी सहेली के घर पढ़ाई के लिए नोटस लेने के लिए जा रही है। पीडित पिता ने बताया देर रात तक जब उसकी बेटी घर नहीं पहुंची तो उन्होंने उसके फोन नंबर कॉल की। लेकिन उसका फोन बंद आया। बाद में उसकी सहेली के पास फोन किया तो पता चला कि वह उसके घर पर भी नहीं गई। इसके बाद उनकी चिंता बढ़ गई। उन्होंने अपनी सभी रिश्तेदारियों में पता किया व रेलवे स्टेशन बस स्टैंड सहित सभी जगह पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सेक्टर 32-33 थाना के जांच अधिकारी राजपाल ने बताया कि पीडित पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जल्द ही छात्रा का सुराग लगा लिया जाएगा। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### महिला से पैसे डबल करने के नाम पर 1.21 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर 12 निवासी** महिला से ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपए ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने टेलीग्राम पर बने एचसीएल सॉफ्टवेयर टास्क ग्रुप में ज्यादा पैसे कमाने के लालच में लाखों रुपए लगाए थे। महिला को जब ठगी का पता चला तो मामले की शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस में दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 12 निवासी पीड़ित महिला रश्मि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके टेलीग्राम पर एक 8802 एचसीएल सॉफ्टवेयर टास्क ग्रुप है। जहां पर उसे झांसा दिया कि अगर की आप 1 लाख 21 हजार रुपए इन्वेस्ट करते हो तो आपको इसके बदले में 1,92,500 रुपए मिलेंगे, जिससे वह उनके झांसे में आ गई। पीड़िता ने बताया कि ग्रुप में उसे जैसा बताया कि उसने उसी तरह अपने बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर किए।

# श्री अग्रसेन धाम कुंडली में श्री बालाजी हनुमान का 31 पवित्र स्थान के जल से किया महाअभिषेक

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुंडली: श्रीअग्रसेन** धाम कुंडली में श्री बालाजी जन्मोत्सव महाकुंभ बहुत ही हर्षोल्लास एवं पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया । विश्व हिंदू परिषद के सहयोग से आयोजित संपूर्ण कार्यक्रम ने सफलताओं की सभी बुलंदियों को छुआ । धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत शिरोमणि गोस्वामी सुशील जी महाराज , जैन धर्म के महान संत श्री विवेक मुनि जी महाराज, संत शिरोमणि दयानंद यति जी महाराज, के परम आशीर्वाद से श्री बालाजी महाराज के परम भक्त श्री रमन बंसल के पूर्ण सानिध्य में विहिप



सोनीपत के अध्यक्ष पवन गर्ग ने विधिवत पूजा की व संपूर्ण भंडारा संयोजक जगदीश गोयल ने श्री बालाजी महाराज के समक्ष ज्योत प्रज्वलित करवाई । सिंगापुर से विशेष रूप से पधारे आचार्य बजरंगबली शुक्ल, आचार्य रामचंद्र बोहरे, व पंडित संदीप जी द्वारा लगातार 2 घंटे श्री बालाजी हनुमान का 31 पवित्र स्थलीयों के महाजल से महाभिषेक करवाया गया । जिसमें विशेष रूप से काठमांडू नेपाल से श्री पशुपतिनाथ जी का जल, श्री अयोध्या धाम सरयू नदी का जल, हरिद्वार मां गंगा व मां वैष्णो देवी का पवित्र जल , शामिल है ।विहिप कुंडली के पदाधिकारी के सहयोग से श्री बालाजी महाराज की 1100 ज्योत से आरती की व भक्तगुरु हंसराज ट्रस्ट कैथल दिल्ली, एवं श्री अग्रसेन धाम से जुड़े सभी भक्तों ने बधाई के रूप में माता अंजनी को गुजरात सूरत से सजवा कर 108 मीटर का पीलिया चुनरी भेंट किया । पूज्य संतों के सानिध्य में भव्य श्री राम जय घोष यात्रा निकली गई । संस्था के चेयरमैन जगदीश राय गोयल ने सभी भक्तों को बधाई दी । विहिप पदाधिकारी मुकेश तुषिर, रोहतास शर्मा ,संजय शर्मा, नितिन कौशिक, नरेश चौधरी, जगबीर धून, आदि सभी ने मंच की व्यवस्था को संभालते हुए सभी भक्तों का अभिनंदन स्वागत किया । अग्रसेन धाम कुंडली के कंट्रोल बोर्ड सदस्य अनिल गोयल राजेश गोयल व श्रीघनश्याम गोयल ने दरबार की व्यवस्था को संभाला व सभी को प्रसाद वितरण किया ।

रेखा गर्ग, अनु अग्रवाल ,शालिनी मंगला, मीतू बंसल, ममता अग्रवाल, नेहा कोहली, व अंजु गोयल ने थाली बजाकर, जन्म उत्सव की बधाई दी व सैकड़ो महिलाओं के साथ भगवान श्री बालाजी महाराज को जन्म घुट्टी अर्पण की।

## भाजपा का चुनाव घोषणापत्र मोदी की गारंटी: मोहनलाल बडोली

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत: श्री हनुमान जन्मोत्सव** के उपलक्ष्य में गोहाना के मेन बाजार में आयोजित कार्यक्रम में सोनीपत लोकसभा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली शामिल हुए। राज्य मंत्री सुभाष सुधा जी विशेष रूप से पहुंचे। इसके बाद गोहाना रोहतक गेट श्री खाटू श्याम जी के दर्शन कर मोहनलाल बड़ौली ने आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान जींद सफीदों रोड पर आयोजित चुनाव प्रचार कार्यक्रम में हर हर मोदी, घर घर मोदी के जोरदार नारे लगाए गए। इस दौरान शुभम सैनी, भीमसैनी, ईश्वर सैनी, विनोद सैनी, राजेश पहलवान एवं समस्त कॉलोनीवासी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। दूसरी ओर रोहित बंसल, रमेश बंसल की ओर से आयरन स्टोर पहुंचने पर मोहनलाल बड़ौली का स्वागत किया गया। उन्होंने मार्केट के सभी दुकानदारों से वोट देने की अपील की। सोनीपत क्षेत्र की पुरानी अनाज मंडी ,दीवान पार्क कच्चे क्वार्टर में भी जनसंपर्क के दौरान ,श्री कृष्ण मंदिर सुदामा नगर , हनुमान नगर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मोहनलाल बडोली ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत सरकार की उपलब्धियों व लोकसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र का जिक्र किया।

## गांव उचाना में तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के उचाना** गांव के सरकारी स्कूल के सीसीटीवी में तेंदुए के देखे जाने पर आसपास के ग्रामीणों में दहशत बरकरार है। इसके चलते वन विभाग की टीम में गांव में डेरा डाल लिया है। वहीं रोहतक से आई वन्य जीव संरक्षण विभाग की टीम ने भी रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। टीम द्वारा तेंदुए को पकड? के लिए कई पिजरे भी मंगवाए गए हैं। लेकिन स्कूल के बाद तेंदुआ कहां गया, उसके पग मार्क टीम को नहीं मिल रहे हैं। टीम का अनुमान है कि गांव के पास ही छोटे-छोटे दो जंगल हैं। शायद तेंदुआ इन्हीं जंगलों में हो सकता है। इसके चलते आज टीम ने जंगल में सर्च अभियान शुरू कर दिया है। जहां पर तेंदुए के पग मार्क मिलते हैं, वहीं पर पिजरों को लगाया जाएगा।पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर नवीन कुमार ने बताया कि कल गांव का सरकारी स्कूल खुला तो वहां पर बड़े-बड़े पंजों के निशान दिखे थे, जिसके



बाद स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया तो दीवार फांदकर तेंदुआ स्कूल में घुसता हुआ दिखाई दिया। उसके बाद गांव के कुछ लोगों ने स्कूल के पीछे जो रास्ता है, वहां पर उसे देखा। नवीन ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में देखने से लग रहा है कि तेंदुए के पैर मे चोट लगी है, जिससे वह लंगड़ाकर आराम आराम से चल रहा था। जिस तरह से वह चल रहा था, उससे लगता है कि वह ज्यादा दूर नहीं गया होगा। आसपास ही कहीं छिपकर बैठा होगा, जिससे उचाना सहित आसपास के गांवों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

## 'नम्बरदार मतदाताओं को मतदान के प्रति करें जागरूक'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: एआरओ-3** नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं एसडीएम यश जालुका ने कहा कि नम्बरदार ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी एक महत्वपूर्ण पद हैं और नम्बरदार द्वारा कहीं गई बात को गांव वासी तव्वज्जों भी देते हैं। एआरओ एवं एसडीएम यश जालुका आज नम्बरदारों के साथ बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहें थे। उन्होनें कहा कि नम्बरदार अपने-अपने गांवो में लोगों को मतदान के बारे में जागरूक करें और मतदाताओं से अनुरोध करें कि वे 25 मई को मतदान के दिन अपना वोट डालने अवश्य जाएं। उन्होने कहा कि चुनाव के संबध में नम्बरदार के पास किसी प्रकार की कोई जानकारी हो या उन्हे मिले, जोकि प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण हो, ऐसी जानकारी तुरंत प्रशासन के ध्यान में लाएं। उन्होंने



कहा कि नम्बरदार कोर्ट केस से सम्बन्धित रिकवरी, बैंक लोन से सम्बन्धित, एमएसीटी केस आदि से सम्बन्धित रिकवरी के नोटिसों की तामिल भी करवाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को भी नम्बरदार प्राथमिकता के आधार पर करें और इसमें चौकीदारों का भी सहयोग लिया जाए। एआरओ एवं एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान नम्बरदार अपने-अपने क्षेत्र में यह भी देखें कि मतदाताओ को कोई किसी प्रकार का प्रलोभन तो नहीं दे रहा या शराब आदि का वितरण तो नहीं किया जा रहा।

अगर ऐसी कोई सूचना मिले तो वह प्रशासन के संज्ञान में लाएं। उन्होंने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था एवं भाईचारा बना रहे तथा चुनाव सही प्रकार से सम्पन्न हो, इसको ध्यान में रखते हुए अपना कार्य करें।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार नारायणगढ़ वचित्र आनन्द, नायब तहसीलदार शहजादपुर अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

## विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर आर्य कॉलेज में हुआ पुस्तक प्रदर्शनी

### पुस्तक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के साथ-साथ कॉलेज के प्राध्यापकों ने भी पुस्तकों का अवलोकन कर पुस्तकें खरीदी, पुस्तकें ज्ञान के प्रवेश द्वार के रूप में काम करती हैं- डॉ. गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: आर्य** कॉलेज के स्वामी विद्यानंद सरस्वती पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के साथ-साथ कॉलेज के प्राध्यापकों ने भी पुस्तकों का अवलोकन कर पुस्तकें खरीदी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस मनाया जाता है। पुस्तकें ज्ञान के प्रवेश द्वार के रूप में काम करती हैं, जो जानकारी और अंतर्दृष्टि का एक विशाल भंडार प्रदान करती हैं जिसका उपयोग छात्र करते हैं। चाहे वह विज्ञान के चमत्कारों की खोज करना



हो, इतिहास की गहराइयों में उतरना हो, या कल्पना की दुनिया में खुद को डुबोना हो, किताबें ज्ञान का भंडार हैं जो एक छात्र के जीवन को समृद्ध करती हैं। पढ़ने से व्यक्ति का क्षितिज विस्तृत होता है और आलोचनात्मक सोच और विश्लेषणात्मक कौशल में वृद्धि होती है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए आज विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर कॉलेज के स्वामी विद्यानंद सरस्वती पुस्तकालय में पुरानी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में लगभग दो हजार पुस्तकों का प्रदर्शित किया गया। पुस्तकें विद्यार्थियों को बहुत ही कम मूल्य पर दी गई।

**प्रदर्शनी**

**8 कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस मनाया जाता है**

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में कॉलेज के प्राध्यापकों ने भी शिरकत की और पुस्तकें खरीदी डॉ. गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई पुस्तकों में हर विषय की पुस्तकें रखी गई हैं इन पुस्तकों के मूल्य 30 रु से लेकर 50 तक रखा गया है। पहले दिन लगभग तीन सौ पुस्तकों की बिक्री हुई। पुस्तकालय में प्रदर्शनी का आयोजन दो दिन तक किया जाएगा। अंत में प्राचार्य ने कॉलेज पुस्तकालय की प्रभारी डॉ. मनीषा डूडेजा, अमित शर्मा, प्रदीप कुमार, सीमा चौधरी समेत अन्य स्टाफ सदस्यों को प्रदर्शनी के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

## खराब मौसम के चलते किसानों की बढ़ी चिंता



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा में** पिछले कई दिनों से मौसम खराब चल रहा है। आज भी सुबह से बादल छाए रहे और दोपहर के समय कुछ देर के लिए बारिश भी हुई। बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों की गेहूं की फसल पूरी मंडियों में पड़ी है। अगर फिर से बारिश होती है तो किसानों की फसलों को भारी नुकसान होगा। अनाज मंडी में गेहूं का उठान धीमी गति से होने से लाखों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। जिसकी भीगने की संभावना बनी हुई है, उधर अधिकारी इसको भी बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि उच्च अधिकारी मंडियों का दौरा कर रहे हैं लेकिन वाबजूद उसके गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। अनाज मंडी के आढ़तियों ने बताया कि इस समय मंडी में एक लाख किवंटल से ज्यादा गेहूं के कट्टे खुले में पड़े हुए हैं, लेकिन सरकारी एजेंसियों द्वारा गेहूं का समय पर उठान नहीं हो रहा। जिसके चलते आढ़तियों को काफी नुकसान हो रहा है। आढ़तियों का कहना है कि उनकी तरफ से मंडी में खुद व्यवस्था की गई है, लेकिन अधिकारी इसपर कोई ध्यान नहीं दे रहे। जिसका नुकसान किसानों और आढ़तियों को होगा। अधिकारी अगर समय पर मंडी से खरीदे गए गेहूं का उठान कर ले तो उनको किसी तरहे की परेशानी नहीं होगी।

## भाजपा किसी भी प्रकार से जाति या धर्म का भेदभाव नहीं करती: शशिकांत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** चुलकाना धाम मंडल के शक्ति केंद्र गांव कारकौल्ली गढ़ (बूथ न. 220) , बसाडा ( बूथ न. 221) , राकशेडा ( बूथ न. 222, 223) और सुबह 11 बजे से चुलकाना धाम मंडल के गाँव राकशेडा (बूथ न. 224, 225 ) और गाँव सिम्भलगढ़ , बूढ़नपुर बूथ न. 226 , 227) के बूथों ,पन्ना प्रमुखों की बैठक में बतौर वक्ता शिरकत की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा



चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जो की बिना किसी जाति व धर्म के भेदभाव के समाज के हर जरूरत मंद को पंहुचाने की कोशिश की जा रही है।

## संकट मोचन हनुमान अपार शक्ति के प्रेरक: डॉ. वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: न**वनिर्मित बस स्टैंड सिवाह में स्थित हनुमान मंदिर में पंचमुखी हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सात दिन की पूजा अर्चना के बाद मंगलवार को समापन हो गया। भव्य कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर पंचमुखी हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में कहा कि हनुमान को उनकी अपार शक्ति और ताकत के लिए पूजा जाता है। साधक उन्हें मारूति नंदन,



बंजरगबली, पवन पुत्र वीर हनुमान और संकट मोचन के नाम से जाना जाता है। उनकी स्मृति में साधक उपवास भी रखते है व उनके संस्मरण भी एक - दूसरे के साथ सांझा करते है। आज का यह पावन दिन लोगो में विशेष उत्साह व उर्जा का संचार करता है। उपायुक्त ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि हमें इस दिन सभी के स्वस्थ रहने की कामना करनी चाहिए। उन्होंने इस दौरान कमेटी द्वारा आयोजित हवन यज्ञ व भण्डारे में भी भागीदारी की व सबकी मंगलकामना के लिए प्रार्थना की व पंचमुखी हनुमान के दर्शन किए। परिवहन विभाग के जीएम कुलदीप जांगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व सात दिन विशेष अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया। जिसमें अखण्ड रामायण पाठ किया गया।

## नारायणगढ़ में चुनावों को लेकर अधिकारियों की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**नारायणगढ़: एआरओ-3** नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं एसडीएम यश जालुका ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर अधिकारियों/कर्मचारियों की विभिन्न टीमें बनाई गई हैं और उन्हें उनके कार्य से सम्बधिंत जानकारी भी दी जा रही हैं, जिससे की वे चुनाव को सही प्रकार से सम्पन्न करवा सकें। एआरओ एवं एसडीएम आज सैक्टर ऑफिसरों, सुपरवाईजरों और टीम में शामिल अधिकारियों/कर्मचारियों को चुनाव की तैयारियों से सम्बधिंत जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थें। उन्होंने सैक्टर ऑफिसरों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के पोलिंग स्टेशनों का नियमित तौर पर निरीक्षण करें



और वहां पर बिजली, पानी, रैम्प आदि सुविधाओं का जायजा लें, अगर कहीं पर कोई कमी नजर आए तो उसे प्रशासन के ध्यान में लाए, जिससे की उन कमियों को दूर किया जा सकें। उन्होनें कहा कि सैक्टर ऑफिसर गांवों में जाए और ग्रामीणों व गांव के मोजिज लोगों से बातचीत करें कि उन्हें चुनाव में वोट डालने के लिए कोई दिक्कत तो नहीं है या किसी प्रकार का दबाव तो नहीं डाला जा रहा। अगर कोई दिक्कत या परेशानी अथवा किसी प्रकार का कोई प्रलोभन कोई व्यक्ति दे रहा है तो उसकी भी जानकारी उनसे लें। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने में सभी लोगों का सहयोग आवश्यक हैं। उन्होनें कहा कि बूथ पर जाकर जीयो टैग से फोटो भी लेकर ग्रूप में भेजे, जिससे की वहां की वास्तविकता की जानकारी मिल सकें। उन्होनें कहा कि चुनाव के दौरान गांव में शान्ति व्यवस्था तथा भाई-चारा बना रहें, इसके लिए भी गांववासियों के साथ तालमेल बनाकर रखें। एआरओ एवं एसडीएम यश जालुका ने कहा कि चुनाव डयूटी में लगें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को ईवीएम के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। अगर किसी अधिकारी/कर्मचारी को ईवीएम आदि चुनावी प्रक्रिया के बारे में कोई संशय या जानकारी का अभाव है तो वह इस बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें, जिससे की चुनाव को बेहतर ढंग से सम्पन्न करवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव में ईवीएम को तैयार करने के लिए सुपरवाईजर तथा अधिकारियों/ कर्मचारियों की टीमे बनाई गई हैं जोकि अपनी देखरेख में ईवीएम को तैयार करेगें। उन्होनें सुपरवाईजरों से कहा कि वे अपनी निगरानी में सावधानी पूर्वक ईवीएम को सैट, टैग व सील करें और ईवीएम की जांच व्यक्तिगत रूप से करें तथा ईवीएम को स्ट्रॉग रूम के अन्दर उनके लिए चिन्हित स्थान पर ही रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र का स्ट्रॉग रूम तथा मतगणना केन्द्र बीपीएस प्लेनेटोरियम अम्बाला छावनी में बनाया गया हैं।

## जयराम कन्या महाविद्यालय में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: श्री जयराम** शिक्षण संस्थान के अंतर्गत ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डा. सुदेश रावल, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही! छात्राओं ने विभिन्न गेम, संगीत, गीत व नृत्य के द्वारा सुंदर तथा भव्य आयोजन किया। इस मौके पर छात्रा कल्पना को मिस फाइनल चुना गया। डा. सुदेश रावल ने छात्राओं को



बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज तुम इस महाविद्यालय से विदाई ले रही हो लेकिन तमाम उम्र श्री जयराम संस्थाओं के साथ तुम्हें जुड़े रहना है। जहां भी जाओगी यहां के संस्कार तुम्हारे साथ रहेंगे। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्राओं ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उपहार भी दिए।

## संपादकीय

# उदासीन है मतदाता

**अठारहवीं लो**कसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आई है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाए बैठी थी । तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है ? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए ? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी को मोदी सरकार के कामकाज पर मतदाताओं की ओर से जोरदार समर्थन की उम्मीद थी और विपक्षी दलों को लगता था कि जनता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सड़क पर आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका एक ही मतलब है कि मतदाता ने परिवर्तन करने से ही इनकार कर दिया। हां, अब बहस सिर्फ इस बात पर हो सकती है कि भाजपा गठबंधन 400 सीटों से पार जा पाएगा या नहीं ? जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था ? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आई। तो भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है ? यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी, और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था। 2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ। यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गए थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मतदाताओं में उस उत्साह की कमी साफ दिख रही है, जो पहले के दो चुनाव में देखी गई। तो क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि देश के मतदाता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा नहीं रहा या वह कथित इंडी अलायंस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प के रूप में देख रहा है? बहुतांश लोगों को यह प्रश्न विचित्र लग सकता है लेकिन इस प्रश्न का जवाब ही भारत के जनमानस की वास्तविक अभिव्यक्ति है। दरअसल, आएगा तो मोदी ही, यह नारा भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के कार्यकताओं के मन में गहरे पैठ गया है। तो भाजपा कार्यकर्ता अपनी जीत देख निश्चिंत होकर चुनाव को आराम से लड़ रहे हैं, तो विपक्षी दलों के कार्यकताओं को यह लगता है कि जब भाजपा ही जीत रही है और जनमानस भाजपा के साथ है तो चुनाव में आक्रामक होने का क्या फायदा ? ऐसा भी नहीं है कि भाजपा समर्थक हिन्दू मतदाता ही मतदान करने नहीं निकला, भाजपा को वोट नहीं देने वाले मुस्लिम समाज में भी वोट देने के प्रति उदासीनता देखी गई है। मुस्लिम बहुल बूथों पर जहां रात के दस-दस बजे तक मतदान करने के लिए लाइनें लगी रहती थीं, इस बार ऐसे समाचार सुनने में नहीं आए। इस तथ्य पर भी विचार करना ही चाहिए कि बीते सालों में यह पहली बार है जब मतदान केन्द्रों पर तनातनी या लड़ाई-झगड़े के समाचार भी सुनने को नहीं मिले हैं।

# नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?

डॉ. रमेश ठाकुर

> इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए। केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। इनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी देना

**छत्तीसगढ़** के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में



ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर, गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे। सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन ग्रीन हंट शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन ब्लूस्टार के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है। फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है।

नक्सल वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया।

लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। इनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिए और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख रुपये कर दिए हैं। नक्सली फिर भी बाज नहीं आ रहे। तभी हारकर अब उनके खिलाफ पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन शुरू हुआ है। ताकि इनपर अंतिम प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## कविता

### पृथ्वी

आंखें खोला और बंद किया
मां धरती की ही गोद में,
सारा जीवन बीत गया
संग आमोद और प्रमोद में,
चोट सदा पहुंचाते रहे
हृदयतल की गहराई तक,
न चेते न माने कभी
उतर आए ढिठाई तक,
न सोचे कभी उस मां की पीड़ा
करते रहे हम मनमानी,
तहस नहस कर उसकी व्यवस्था
कह कह खुद को महा ज्ञानी,
मीठा पानी और शुद्ध हवा
निःस्वार्थ हमें वो देती है,
इंसानी चोटों को नित सहकर
नहीं बदला कभी वो लेती है,
कंक्रीटों का जाल बिछाकर
किस दुनिया को हम बना रहे,
प्रकृति के सानिध्य में रहकर
धरा को हरा क्यों नहीं बना रहे,
आओ एक पौधा आप लगाओ
और एक पौधा लगाऊं मैं,
मित्रता का संकल्प लें इस मिट्टी से
धरती मां भी रहे सहज और निर्भय।

राजेन्द्र

# क्या यह जुमला नहीं है कि देश-संविधान खतरे में है?

डा मनमोहन प्रकाश

**पिछले** कुछ दिनों से विशेष लोगों द्वारा प्रचारित किया जा रहा है कि"देश को बचाना है, संविधान को बचाना है"। इसका मतलब तो यही हुआ कि न सिर्फ देश खतरे में है अपितु उसका संविधान भी खतरे में है। देश खतरे में तभी कहलाता है जब देश की सीमाएं सुरक्षित न हो। किसी ताकतवर देश द्वारा आक्रमण कर दिया हो। देश में भुखमरी, अराजकता, लूटपाट, अपराध अपने चरम पर हो। सत्ता को हासिल करने के उद्देश्य से देश में इमरजेंसी लागू कर दी गई हो।आतंकवाद की घटनाएं अपने चरम पर हों। देश की अर्थव्यवस्था पाकिस्तान देश जैसी हो गई हो, फौजी या अन्य ताकतों के हस्तक्षेप से तख्तापलट की संभावना निर्मित हो गई हो। नियम कानून का राज शून्य पर पहुंच गया हो। न्याय पालिका की स्वतंत्रता खत्म हो गई हो। बोलने और लिखने की आजादी छीन गई हो। मेरी दृष्टि में उपरोक्त स्थितियों से हमारा देश अभी कोसों दूर है। अपितु देश पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है, सुरक्षित हुआ है, विकसित हुआ है। हमारे देश की सेनाएं पहले से ज्यादा सशक्त हुई हैं, पहले से ज्यादा आधुनिक और खतरनाक अस्त्र-शस्त्र (परमाणु) से सुसज्जित हुई हैं। पड़ोसी देशों में भी हमारे सैन्य बल का खौफ पहले से ज्यादा है। इतना ही नहीं आज भारतीय सेना के पास अपने आपको आधुनिक बनाने के लिए न तो पैसों की कमी है,न ही संसाधन का टोटा है ,न ही सेना को राष्ट्र हित में निर्णय लेने के लंबा इंतजार करना होता है। भारतीय सेना धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है। कई राष्ट्र भारत द्वारा निर्मित अस्त्र-शस्त्र को खरीद रहे हैं। यह तभी संभव है जब हमारे अस्त्र-शस्त्र दुनिया के अस्त्र-शस्त्र भंडार में विशेष पहचान रखते हों। भारत की विदेश नीति भी पहले ज्यादा सशक्त,दवाब रहित और प्रेक्टिकल दिखाई देती है। भारत में भुखमरी तथा अराजकता जैसी स्थिति कभी भी नहीं रही है- कोरोना काल में भी नहीं। करोड़ों साधनहीन गरीब जनता को आज भी सरकार मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है, खातों में विभिन्न योजना के अंतर्गत सीधे राशि पहुंच रही है। देश में नियम- कानून का पालन हो रहा है और न्यायलय स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं। न्यायपालिकाओं द्वारा भी संविधान सम्मत,नियम-कानून सम्मत निर्णय सुनायें जा रहे हैं हैं - यहां तक कि सरकार की गलती होने पर उसके विरुद्ध भी निर्णय सुनाने में कोई परहेज नहीं। भारत में न तो इमरजेंसी जैसी स्थितियां है और न ही इमरजेंसी लागू है। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत में सेनाएं भी प्रजातांत्रिक रूप से चुनें गये प्रतिनिधियों और उनकी सरकार के द्वारा लिये गये निर्णयों का सम्मान करती है।

अर्थव्यवस्था दिन-दूनी रात चौगुनी प्रगति कर रही है तभी तो आज हमारा देश विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है और तीसरे अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। विदेशी एजेंसियों सहित विभिन्न विकसित और विकासशील देश भी भारत की आर्थिक प्रगति, विकास दर की तारीफ कर रहे हैं।

## विचार

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता

आर.के. सिन्हा

**यकीन मानिए** कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जायेगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यही खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटर साइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किये हैं। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना जारी किए गए, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं कउन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमें में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता। बहरहाल. लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## करियर

# पत्रकारिता: एक रोमांचक कैरियर

विजय गर्ग

**पत्रकारिता** एक रोमांचक व्यवसाय है जो व्यक्ति को विभिन्न प्रकार के लोगों, समुदायों से मिलने की अनुमति देता है और नए और रोमांचक स्थानों की यात्रा करने का मौका भी देता है। पत्रकारिता को पत्रकारों या अन्य पेशेवरों की गतिविधि या उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो समाचार पत्र, पत्रिका, समाचार चैनल या ऑनलाइन समाचार इत्यादि जैसे सार्वजनिक मीडिया के माध्यम से आम जनता द्वारा देखे जाने के लिए लिखित, दृश्य या श्रव्य सामग्री की तैयारी में लगे हुए हैं। सार्वजनिक सरोकार की तथ्यात्मक, चल रही घटनाओं के संदर्भ में। ये घटनाएँ राजनीतिक सरोकार की कुछ घटनाएँ या कुछ खेल टूनार्मेंट आदि हो सकती हैं। पत्रकारिता का उद्देश्य समाज को अपने बारे में सूचित करना और उन चीजों को सार्वजनिक करना है जो अन्यथा निजी होंगी या ऐसी चीजें जो लोगों की जानकारी में नहीं आएंगी। पत्रकारिता या मीडिया उन घटनाओं को समझाने में मदद करता है जो आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती हैं और कई रूपों और शैलियों में विकसित होती हैं। प्रत्येक पत्रकारिता रूप और शैली जांच और प्रकाशन की विभिन्न तकनीकों का उपयोग करती है और प्रासंगिकता और उपयोग की जाने वाली भाषा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न उद्देश्यों और दर्शकों के लिए लिखती है। एक पत्रकार को अपने काम के साथ न्याय करने के लिए उसमें जानकारी खोजने, जानकारी एकत्र करने, संयोजन करने, विश्लेषण करने और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करने जैसे कुछ बुनियादी गुण होने चाहिए। इसे प्रभावी ढंग से करने के लिए, पत्रकारों को भाषा में अत्यधिक विकसित कौशल, मीडिया और स्थानीय भाषाओं की अच्छी समझ, समसामयिक मामलों में रुचि और व्यापक सामान्य ज्ञान की आवश्यकता होती है।

एक पत्रकार केवल तभी अच्छा प्रदर्शन कर सकता है जब वह स्पष्ट, संक्षिप्त, सटीक और शीघ्रता से संवाद करने में सक्षम हो और उसके पास जिज्ञासु स्वभाव और अच्छी तरह से विकसित लोगों का कौशल हो। बहुत सारे मीडिया घराने हर दिन बाजार में प्रवेश कर रहे हैं और इसलिए प्रतिस्पर्धा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

# सुर और संवाद: कालचक्र में संवाद जिंदगी की सांसें हैं

विजय गर्ग

यह जीवन निरंतर गतिशील है और यही समय का सच है। जिंदगी की गतिशीलता बनी रहे तो आने वाली नस्लों के लिए श्रेष्ठ संस्कृतियों के इतिहास की विरासत संरक्षित रहती है । किन्हीं वजहों से यह थम जाए तो शेष स्मृतियों में विरासत और इतिहास का पन्नों में दर्ज रहता है। इस कालचक्र में संवाद जिंदगी की सांसें हैं और ये निरंतर चलती रहनी चाहिए। बदलते समय और नई सूचना प्रौद्योगिकी के युग में समूचे विश्व में भागमभाग और चकाचौंध के बीच मानवीय मूल्य की नई पहचान हमारे सामने एक नया इतिहास रच रही है। पिछले दशकों में विज्ञान के नए तौर-तरीकों और नई सूचना संप्रेषण क्रांति की त्वरित गति ने आज के समाज में हर उम्र के बाशिंदे को पूरी तरह बदल दिया है और यह बदलाव अब हमारी जिंदगी का हिस्सा है। इसी के साथ हमें अपनी आने वाली नस्लों के लिए अपनी विरासत को सहेज कर रखना होगा । इन दिनों जिस तरह के परिदृश्य और बदलते परिवेश में महानगरों से दूर गांव की जिंदगी में हमने बदलावों को आमंत्रित किया है, वे समय की आवश्यकता हैं, लेकिन अगर हमने अपनी विरासत, इतिहास और पुरखों की पहचान को नष्ट कर दिया तो फिर अगली पीढ़ी और हम भविष्य में अपनी जो पहचान दुनिया के सामने बनाएंगे, वह कुछ अलग तरह की होगी। हमारी उस बदली हुई पहचान में भारतीयता नहीं होगी और सद्भाव और अपनापन कहीं गायब हो चुका होगा । एक वृत्त चित्र द लास्ट रिपेयर शाप में स्मृतियों और संस्कृति की पहचान के पीछे एक गहरा संवेदनशील बदलाव दिखाया गया है। उसमें एक हारमोनियम की दुकान बंद होती दिखाई जाती है। उसके दुकानदार असल में मरम्मत करने वाले होते हैं, जिसके एक पात्र के संवाद पूरी दुनिया के इतिहास और बदलाव को एक नई दृष्टि देते । उसकी जिंदगी बदल सकती है। मगर यह जिंदगी की उन नकारात्मक पहलुओं को भी दिखाती है कि किस तरह से मरम्मत की एक दुकान बंद होने से सुर - संवाद सब कुछ पीछे छूट जाता है।

यह उम्मीद से भरी एक कहानी है, जिसके साथ-साथ सुर-संवाद जुड़ा हुआ होता क्योंकि यह समाज को जोड़ता है।

## न्यूज फ्लैश

### गोली चलाकर हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः कुंडली थाना पुलिस** ने गोली चलाकर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राकेश निवासी नांगल कला का है। पुलिस ने आ रोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव नांगल कलां निवासी प्रोमिला ने गत 21 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके लड़के हिमांशु व उसकी जेठानी संतोष घर पर अपना काम कर रहे थे। उसी दौरान उसका पड़ोसी राकेश, नरेंद्र, व उसके साथ आए अन्य व्यक्तियों ने किसी पूरानी बात को लेकर गाली-गलौच करना शुरू करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर नरेंद्र ने अपने हाथ में ली पिस्तौल से उसके लड़के पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जोकि उसे न लगकर गली में जा लगी। हमलावरों ने उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। मामले को लेकर कुंडली थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई हुए उप निरीक्षक सुमित की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान उससे पूछताछ की जा रही है।

### धार्मिक स्थलों पर दर्शन करवाने के लिए रोडवेज की लॉरी होगी उपलब्ध

**सोनीपतः जिले के यात्रियों को** बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए रोडवेज अधिकारी बेहतर प्रयास कर रहे है। इसके लिए नए रूट शुरू किए जा रहे है। इस कड़ी में रोडवेज अधिकारी अब यात्रियों को धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने की योजना तैयार कर रहे है। जिसके तहत सोनीपत डिपो को चिंतपूर्णी व बैजनाथ जैसे धार्मिक स्थलों से जोड़ा जाएगा। जिसके लिए मुख्यालय से परमिट की मांग की गई है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय से मंजूरी मिलने ही इन धार्मिक स्थलों के लिए सीधी बस सेवा शुरू कर दी जाएगी। बता दें कि सोनीपत डिपो में नई बसें शामिल होने के बाद बसों की संख्या बढ़कर 148 हो गई है। इनमें किलोमीटर योजना की बसें भी शामिल है। डिपो में नई बसें शामिल होने के बाद से रोडवेज अधिकारी लगातार नए रूट शुरू कर रहा है। इस कड़ी में अब तक अलवर, बिजनौर, कालका व डबवाली जैसे रूटों पर बस सेवा शुरू की जा चुकी है। वहीं धर्मशाला के लिए नए रूट शुरू करने के लिए परमिट की मांग की है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय से हरी झंडी मिलने के बाद कई नए रूटों पर बस सेवा शुरू की जाएगी। डिपो में नई बसें शामिल होने के बाद नए रूट बढ़ाए जा रहे है। इस कड़ी में अब धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी व बैजनाथ के रूट पर भी सीधी बस सेवा शुरू करने की योजना तैयार की गई है। इसके लिए मुख्यालय से परमिट लिया जाएगा। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे है।

### कनाडा में बदमाशों की गोलियां का शिकार हुए चिराग का हुआ अंतिम संस्कार

**सोनीपतः कनाडा** के वैंकूवर शहर में हमलावरों की गोली का शिकार हुए सेक्टर-12 निवासी चिराग के शव का उनके पैतृक गांव बड़ौली में यमुना घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े भाई रोमित ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इस दौरान भारी जनसमुदाय उमड़ आया था। चिराग को छह गोली मारी गई थी। उनका शव कार से बरामद हुआ था। अभी तक कनाडा पुलिस हमलावरों का सुराग नहीं लगा सकी है। मूलरूप से गांव बड़ौली फिलहाल सेक्टर-12 निवासी चिराग आंतिल कनाडा के वैंकूवर शहर में एमबीए की पढ़ाई करने गए थे। वह अब वर्क वीजा पर एक सिक्योरिटी कंपनी में काम करते थे। उनके परिजनों को 13 अप्रैल को वैंकूवर पुलिस ने मेल से जानकारी दी थी कि चिराग आंतिल की हत्या कर दी गई है। उसके बाद से परिवार के सदस्य कनाडा पुलिस व वहां रह रहे परिचितों के संपर्क में थे। परिवार के सदस्यों ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर व दूतावास से संपर्क की उनके भाई के शव को जल्द भारत पहुंचवाने की गुहार लगाई थी। जिस पर विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावास व कनाडा में रह रहे परिचितों की मदद से सोमवार को शव पहले दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था और वहां से परिजन देर शाम शव को लेकर सोनीपत पहुंचे थे। मंगलवार सुबह गांव बड़ौली में यमुना घाट पर उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत हरियाणा में फिर से खिलेगा कमलः मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। चुनावों के** दृष्टिगत पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने हेतु भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया। विधानसभा चुनाव प्रभारियों, ओबीसी मोर्चा एवं बूथ प्रबंधन व शक्ति केंद्र सम्मेलनों की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से 400 सीटें जीतकर भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। प्रदेश की सभी 10 सीटें हमारी थी और रहेंगी। प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट और एक विधानसभा




सीट पर कमल खिलाएंगे।

उन्होंने बूथ प्रबंधन के प्रमुखों से एक-एक कर व्यक्तिगत चर्चा की और हर विषय पर उनका मार्गदर्शन किया। मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को बूथ जीता-चुनाव जीता मंत्र का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हर बूथ पर अपनी बूथ सरंचना को मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए मनोहर लाल ने कहा कि बूथ की मजबूती के लिए बूथ स्तर बड़ी बड़ी बैठक न करके छोटी-छोटी बैठकें की जाएं, जिससे कार्यकर्ताओं को आपस में एक-दूसरे को समझने में आसानी होती है।

उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर जाकर लाभार्थियों से मिलने का काम करें। प्रत्येक बूथ का वर्गीकरण करके उनको मजबूत बनाएं। प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और त्रिदेव के माध्यम से बूथों को सशक्त करने, माइक्रो बूथ मैनेजमेंट, चुनाव मैनेजमेंट व अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकताओं की टीम के बलबूते हम हरियाणा में 10 व एक विधानसभा मे कमल खिलाएंगे और तीसरी बार सरकार बनाएंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय के सपने को पूरा करने में जुटी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र भी दिया इस मौके पर लोकसभा संयोजक हरविंद्र कल्याण, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कर्णदेव काम्बोज, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, ओबीसी मोर्चा के करनाल व पानीपत जिला के पदाधिकारी व विधानसभाओं के चुनाव प्रभारी एवं बूथ प्रबंधन कमेटी व शक्ति केंद्र सम्मेलनों के लोकसभा प्रमुख से सहप्रमुख व विधानसभा के संयोजक मौजूद रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ भंडारे का भी हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**



**नारनौल। क्षेत्र** के गांव सलुनी में बाबा भैया का विशाल मेले एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मेले में गांव के सरपंच राजकुमार ने विजेता खिलाडि?ों को पुरस्कृत किया।मेले में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार व विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सिहमा के चैयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार रहे। मेले में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं हुई। वालीबाल प्रतियोगिता में प्रथम सलुनी को 25 हजार रुपए व द्वितीय चांदवास को 15 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। कबड्डी में प्रथम विजेता टीम गहली को 21 हजार व द्वितीय आदमपुर को 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। यह मैच रोमांचक रहा, एक पाइंट से मैच जीतने के कारण दर्शकों में काफी उत्सुकता रही। मेले में कुश्तियां 51 रुपए से लेकर 11 हजार तक करवाई गई। मेंले में 11 हजार रुपए कि नैनी पहलवान ने तथा 51 सौ रुपए कि कुश्ती कुलदीप बागौत ने जीती। गांव के सरपंच राजकुमार ने कहा कि खेलकूद से न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि रोजगार एवं यश तथा सम्मान भी प्राप्त होता है। कई देशों में यह देखने में आया है कि खेलों का अप्रत्यक्ष रूप से संबंध देश के विकास से भी होता है। इस मौके पर पूर्व सरपंच अजीत, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश, डॉ. रामवतार, कप्तान, विजय सिंह, जसवंत, विनोद, अजीत, रविंद्र शर्मा, अजय यादव के मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

### आन्नदमूर्ति गुरू मां से आशीर्वाद लेने पहुंची यूपीएसई चयनित निशु

**गन्नौर। जी टी रोड** स्थित ऋषि चैतन्य आश्रम में लोक सेवा आयोग परीक्षा में 752 वां रैंक हासिल करने वाली निशु त्यागी आन्नदमूर्ति गुरू मां से आशीर्वाद लेने पहुंची। आन्नदमूर्ति गुरू मां ने आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गुरू मां ने कहा कि निशु त्यागी ने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। गुरू मां ने कहा कि संत तो स्वंय आशीर्वाद स्वरूप है। संत के चरणों में जो भी श्रद्धा भक्ति से जाता है, उसे उनका जरूर आशीर्वाद मिलता है। यूपीएसई चयनित निशु त्यागी ने गुरू मां से आशीर्वाद लेने के बाद कहा कि समाज में संत व गुरू का बलिदान, सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान अनुकरणीय है।

# हनुमान जन्मोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** शहर के महावीर कालोनी स्थित सिद्धपीठ श्री लक्ष्मी नारायण बालाजी मंदिर में 34वे हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया सबसे पहले बजरंग बली को सिंदूर अर्पित करते हुए उनका श्रृंगार किया गया। इसके बाद हवन व संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। संकट कटे मिटें सब पीरा जैसे ही बजरंगबली का गुणगान शुरू हुआ वैसे ही संगत झूमने लगी। इस मौके पर सोनीपत मेयर निखिल मदान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित पंवार, प्रियंका दीवान, हरी प्रकाश सैनी ने उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने सबसे पहले मंदिर में पूजा



अर्चना किया और भगवान हनुमान से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हनुमान जयंती हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। इसे भारत में श्री राम भक्त हनुमान जी के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। श्री हनुमंत शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक हैं, वह जादुई शक्तियों और बुरी आत्माओं को जीतने की क्षमता रखने वाले देव के रूप मे पूजे जाते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज ने मुख्य अतिथि सोनीपत मेयर निखिल मदान का धन्यवाद करते हुए कहा की निखिल मदान जी इस मंदिर से पिछले कई वर्षो से जुड़े हुए हैं उन्होंने हमेशा इस मंदिर के निर्माण में हर सम्भव सहयोग दिया। इस मौके पर कलाकार मनोज एवं महिलामंडल द्वारा सकीर्तन एवं बालाजी का गुणगान किया। भजन सुनकर मौके पर मौजूद श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर बालाजी से जुड़े आकर्षक झांकियां भी पेश किया गया। जन्मोत्सव पर ५६ भोग प्रसाद व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विमला दिवान, कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज, लेखराज नासा, अशोक अरोड़ा, विजय तुली, अशोक शर्मा, मुकेश भोला, संदीप भारद्वाज, विकास खत्री, मेहरचंद माणिक, केसी बत्रा, केसी डुडेजा, हरगोबिंद गंभीर सुरेंद्र कुमार, राजेश भारद्वाज, राजकरण शर्मा, संजीव बत्रा, राजेश कालूपुर, सतीश कालूपुर सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### हनुमान जी के आशीर्वाद के साथ मिलती हैं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं: कैलाश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। श्री सनातन धर्म** महाबीर दल अस्पताल के प्रधान कैलाश चंद्र गुप्ता ने कहा कि हनुमान जी कृपा से श्री सनातन धर्म चैरिटेबल अस्पताल गरीबों और जरूरतमंदों को सेहत की सेवा दे रहा है। उनका प्रयास रहता है कि कोई भी गरीब इसलिए इलाज से वंचित न रहे कि उसके पास पैसा नहीं है। कैलाशन चंद गुप्ता आज मंदिर में हनुमान जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आज मंदिर में सुंदर कांड का पाठ हुआ। बाद में भंडारा लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों एक जरूरतमंद व्यक्ति का लाखों रूपए का आपरेशन अपनी तरफ से करवाया था। उनके यहां उपचार के साथ-साथ भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद भी मिलता है। हनुमान जी की कृपा से साठ सालों से यह अस्पताल गरीबों की सेवा कर रहा है। यह अस्पताल न प्रोफिट नो लोश के आधार पर चल रहा है। दानी जनों के दान और लोगों में सेवा के भाव से यह अस्पताल लगातार प्रगति कर रहा है। इसमें हर साल लाभांश जीरो होता है।

# हनुमान जयंतीः रामायण पाठ, प्रसाद वितरण के बाद सत्संग किया

**भगवान हनुमान की भगवान राम के प्रति अटूट भक्ति पूजनीय : तेजप्रकाश**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। हर साल** की तरह इस बार भी पुलिस स्टेशन के समीप सब्जी मंडी के पास हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान जी की पूजन उपरांत रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया। आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इससे पूर्व भगवान हनुमान का विशेष आकर्षण श्रृंगार किया गया। शुद्ध घी के लड्डू और फलों का भोग लगाया। मन्दिर के पुजारी



तेजप्रकाश शास्त्री भक्तों को बताया कि भगवान हनुमान भगवान राम के प्रति उनकी अटूट भक्ति के लिए पूजनीय है। अपनी अद्वितीय शक्ति ,निष्ठा और बुद्धि के लिए जाने जाने वाले हनुमान जी को साहस और निस्वार्थता के प्रतीक के रूप मे जाना जाता है। उनके कारनामे विशेष रूप से माता सीता की खोज में और रावण के खिलाफ युद्ध में भगवान श्री राम की सहायता करना , समर्पण ओर धार्मिकता के आदर्शों का प्रतीक है। शास्त्री ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव एक हिन्दू पर्व है। यह चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था। हनुमान जी को कलयुग में सबसे प्रभावशाली देवताओं में से एक माना जाता है। विष्णु जी के राम अवतार के बाद रावण को दिव्य शक्ति प्रदान हो गई। जिससे रावण ने अपनी मोक्ष प्राप्ति हेतु शिवजी से वरदान माँगा की उन्हें मोक्ष प्रदान करने हेतु कोई उपाय बताए। तब शिवजी ने राम के हाथों मोक्ष प्रदान करने के लिए लीला रचि। शिव की लीला के अनुसार उन्होंने हनुमान के रूप में जन्म लिया ताकि रावण को मोक्ष दिलवा सके।

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव पर किए धार्मिक कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जिनको श्रीराम का** वरदान है ,गदाधारी जिनकी शान है। बजरंगी जिनकी पहचान है, संकट- मोचन वह हनुमान हैं, इन पंक्तियों के साथ अपोलो इंटरनेशनल स्कूल- बड़ी में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना -सभा का आयोजन करके सभी को अपनी तरफ आकर्षित किया। हनुमान चालीसा, नृत्य ,लघु नाटिका आदि के द्वारा प्रस्तुति देकर सबका मन-मोह लिया। हनुमान



जन्मोत्सव पर प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान हनुमान शरीर से बलशाली बुद्धि, विवेक और जीवन की सभी संकटों में उसका मुकाबला करने के लिए हमेशा प्रतिबंध रहते थे। हमें उनसे सीख लेनी चाहिए कि हमारे जीवन की किसी भी प्रकार की कैसी भी स्थिति क्यों ना हो ,हमें सभी परिस्थितियों का सामना विवेक और बुद्धि के साथ करते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए।

### मतदाताओं व उम्मीदवारों की सुविधा के लिए शुरू किए मोबाइल एपः उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर अनेक ऑनलाईन मोबाइल एप शुरू किए हैं। ये मोबाइल एप मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स के माध्यम से मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते हैं।

# पुगथला खरीद केंद्र में गेहूं की आवक जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः पुगथला खरीद केंद्र** में व्यवस्थाओं की कमी के चलते किसानों व आढतियों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खरीद केंद्र में उठान का कार्य बेहद धीमी गति से हो रहा है जिस वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम में होने वाले बदलाव के कारण किसानों व आढ़तियों में चिंता बनी हुई है कि कहीं बारिश के कारण मंडी में गेहूं खराब नहीं हो जाए। मंगलवार की दोपहर हुई हलकी वर्षा की वजह से खरीद केंद्र में पड़ा गेहूं भीग गया। पुगथला खरीद केंद्र में वेयर हाउस द्वारा गेहूं की खरीद की जा रही है। भारतीय किसान यूनियन के नेता राजेंद्र सरोहा ने बताया कि वेयर



हाउस की ढीली शैली के कारण मंडी गेहूं उठान का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। मंडी में गेहूं की आवक जोरों पर है, लेकिन आवक की हिसाब से उठान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से गेहूं का उठान सुचारू रूप से करवाने की मांग की है।

**उठान न होने के कारण पेमेंट में भी देरी**

किसानों ने बताया कि एजेंसी द्वारा कट्टों का उठान बेहद धीमी गति से करवाया जा रहा है। उठान न होने से किसानों को भी पेमेंट में देरी हो रही है जिस वजह से किसानों के साथ-साथ उन्हें भी आर्थिक परेशानी हो रही है।

**मांग**

**8 किसानों व आढ़तियों में चिंता बनी हुई है कि कहीं बारिश के कारण मंडी में गेहूं खराब नहीं हो जाए**

**समस्या का किया जाएगा समाधान**

इस बारे में मार्किट कमेटी सचिव दीपक सुहाग ने बताया कि खरीद केंद्र पर गेहूं आवक बढ़ रही है। जिस वजह से उठान का कार्य धीमी गति से हो रहा है। इस संबंध में एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही उठान का कार्य गति पकड़ेगा।

# निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक चुनाव के दायित्वों से कराया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा और** करनाल विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत आज यहां डा. मंगलसेन सभागार में पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) को ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण 275-275 अधिकारियों को दो पारियों में दिया गया। विवेक चौधरी ने निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिये अधिकारियों को पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दायित्वों से अवगत कराया। साथ ही मॉक पोल की प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से



समझाया गया।

**टेंट 200 मीटर की दूरी पर**

उन्होंने पीओ तथा एपीओ को बताया कि वे अपने स्तर पर मतदान केंद्र के निर्धारित स्थान में बदलाव नहीं कर सकते। उन्हें मतदान से एक दिन पहले बूथ पर पहुंचना होगा। जिस भी स्कूल, धर्मशाला, सामुदायिक केंद्र आदि में पोलिंग बूथ बनाया गया है, उसकी चारदीवारी से 200 मीटर की दूरी पर ही राजनीतिक दलों की ओर से निर्धारित आकार में टेंट लगाया जा सकता है। यदि इससे कम दूरी पर टेंट लगा है तो पीओ उसे हटवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट को मतदान

**जागरूक किया**

**8 यदि बूथ के बाहर निर्धारित समय के बाद भी मतदाताओं की लाईन लगी हो तो सभी के वोट डलवाना सुनिश्चित करें**

केंद्र की खिडकी के पास नहीं रखा जाना चाहिये। यदि किसी बूथ के बाहर निर्धारित समय के बाद भी मतदाताओं की लाईन लगी हो तो सभी के वोट डलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिये सफेद और विधानसभा उप चुनाव के लिये गुलाबी रंग की पर्ची निश्चित की गई है। करनाल के लोगों को पहले लोकसभा के लिये और फिर विधानसभा सीट के लिये वोट डालनी होगी। उन्होंने बताया कि सरकारी कर्मचारी, विधायक, मंत्री, सरकार से मानदेय प्राप्त करने वाले, आंगनवाड़ी वर्कर आदि पोलिंग एजेंट नहीं बन सकते। पोलिंग एजेंट के नियुक्ति पत्र पर प्रत्याशी के दस्तखत होने चाहिये। पीओ जिस भी फार्म (17 ए, 17 बी, 17 सी आदि) को भरें उस पर पोलिंग एजेंट के हस्ताक्षर अवश्य करायें। मॉक पोल- अधिकारियों को बताया कि वे मतदान से 90 मिनट पहले छद्म अभ्यास (मॉक पोल) की प्रक्रिया को एजेंटों की मौजूदगी में पूरा करें। इस प्रक्रिया को नोटा सहित 50 वोटों को समान रूप से बांटकर पूरा किया जाना चाहिए।

# फिम्स अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही का लगा आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः बहालगढ़ थाना क्षेत्र** में सड़क हादसे में घायल हुए युवक की फिम्स अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने फिम्स अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव न्यू कबीरपुर निवासी निशा ने बताया कि वह घरेलू औरत है। उसका पति देवेंद्र बंसल जो बहालगढ़ चौक पर जलेबी की रेहड़ी लगाता था। गत 5 अप्रैल को करीब 9.30 बजे उसके भाई आनंद का फोन आया। उसने सूचना दी कि उसका पति देवेंद्र स्कूटी पर सवार होकर घर आ रहा था। किसी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका पति घायल हो गया। उपचार के लिए उसे फिम्स अस्पताल में लाया गया। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंची। जहां उसका भाई आंनद मिला। उसने बताया कि देवेंद्र को किसी अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया था। सड़क से गिरने का कारण बसंल ही बता सकता है। इस संबंध में पुलिस को कोई बयान नहीं दिया गया। क्योकि उसके पति को इतनी चोट नहीं आई थी। जिसके कारण उसके पति की मौत हो जाएं। उसके पति की मौत अस्पताल के चिक्ति्सकों की लापरवाही के चलते हुई है। उसे जानकारी मिली कि अस्पताल की तरफ से किसी प्रकार की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। उन्हें शव को अंतिम संस्कार के लिए उन्हें दे दिया था। देवेंद्र की मौत के बाद परिवार के सदस्य सदमें में आ गए थे। जिसके कारण शव का अंतिम संस्कार दिया।

# गुरसिख छात्रों की फीस माफ करेगी सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी

## प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की अगुवाई में हरियाणा कमेटी शिक्षा का स्तर सुधाने के लिए कृत्तसंकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के अधीन शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने वाले गुरसिख अभिभावकों के अमृतधारी विद्यार्थियों की फीस पूरी तरह से माफ होगी। यही नहीं, शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए भी हरियाणा कमेटी कृत्तसंकल्प है। ऐसे ही कुछ अहम फैसले हरियाणा कमेटी द्वारा प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की अगुवाई में लिए गए हैं। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध के मार्गदर्शन में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना ने हैड आफिस में दी। उन्होंने बताया कि जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की



अगुवाई में गत दिवस ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाडा साहिब में हुई बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिनमें से कुछ प्रस्तावों पर सहमति जताई गई। बता दें कि इस दौरान संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, महासचिव सुखविंदर सिंह मंडेबर, प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना, संयुकत सचिव गुलाब सिंह मुनक, कार्यकारिणी समिति मैंबर सुदर्शन सिंह गावडी, बलदेव सिंह खालसा, तजिंदरपाल सिंह नारनौल, टीपी सिंह अंबाला व पूर्व महासाचिव गुरविंदर सिंह धमीजा मौजूद रहे। कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र अब गुरसिख अभिभावकों के गुरसिख विद्यार्थियों की फीस संस्था के अधीन चल रहे स्कूल व कॉलेजों में पूरी तरह से माफ करेगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया जाएगा। विद्यार्थियों को प्रेरित करके उन्हें अलग-अलग प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीत कर संस्थान का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को हरियाणा कमेटी प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित भी करेगी। इसके अतिरिकत धार्मिक मुकाबलें करवाने के अलावा संस्थानों में खालसा खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। स्कूल-कॉलेजों में धार्मिक प्रचार भी किया जाएगा, तांकि विद्यार्थियों को गौरवमयी सिख इतिहास की जानकारी देने के अलावा उन्हें गुरबाणी से जोड़ा जा सकें। इतना ही नहीं, शिक्षण संस्थानों में सिख मार्शल आर्ट (गतका) को प्रमोट किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए गतका सिखलाई कैंप लगा कर उन्हें सिख मार्शल आर्ट की ट्रैनिंग दी जाएगी।

**शिक्षा पर बल**

8 गतका को प्रमोट किया जाएगा। गतका सिखलाई कैंप लगा कर उन्हें सिख मार्शल आर्ट की ट्रैनिंग दी जाएगी

# अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने किया जागरूक

**अवगत कराया**

8 आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना के बारे में जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से प्रबन्धक महिला थाना नारायणगढ ने थाना नारायणगढ क्षेत्र के गावँ अकबरपुर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं/महिलाओं/शिक्षको को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया । इस कार्यक्रम के दौरान



प्रबन्धक महिला थाना नारायणगढ ने महिला सुरक्षा के सम्बन्ध मे डायल 112 एप्प बारे छात्र/छात्राओं/महिलाओं/शिक्षको को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया गया। हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं/महिलाओं /शिक्षको को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्लह्ल के माध्यम से छात्र/छात्राओं/महिलाओं /शिक्षको को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करके डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना हैं।

# अपोलो में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

अपोलो में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव और पृथ्वी दिवस शिव जी के 11 वे अवतार श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण में बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर कक्षा नवी के विद्यार्थियों ने सभा का आयोजन किया जिसमें हनुमान स्तुति के साथ मंच संचालन की शुरूआत की गई।विद्यार्थियों ने लयबद्ध स्वर हनुमान चालीसा का उच्चारण किया और 'मेरे अंजनी के लाल' पर मनमोहक भजन की प्रस्तुति के द्वारा समा बांध दिया। कक्षा नौवीं की छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत पर नृत्य कर दर्शकों की वाह वही लूटी। इस मौके पर हनुमान जी के जीवन से जुड़ी हुई एक विशेष कहानी का बच्चों ने नाटिका के द्वारा मंचन किया। छात्रा एकजोत कौर द्वारा रामायण के संदर्भ में एक विशेष कहानी की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर नुक्कड़ नाटक और भाषण में कविता के द्वारा दर्शकों को जागरूक करने की कोशिश की। और सभी का पृथ्वी को बचाने के लिए आह्वान किया! विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने जागृत देव हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जो बल बुद्धि और विवेक के दाता है। और धरती और पर्यावरण संरक्षण करने के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया! इस मौके पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अलका टंडन और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**संस्कृति**

8 अपोलो में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव और पृथ्वी दिवस, कार्यक्रम प्रस्तुत किए

# स्वीटी रंगा ने गांव मोहड़ी में की वोट की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा ने खेतों तक जाकर जन-जन से डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन



जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। स्वीटी रंगा ने ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच माया राम, राम लाल, सरदार नसीब सिंह, सरदार बलदीप सिंह, अंकुश, मनीषा, पिंकी साथ रहे

**अपील**

8 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है।

# छात्रों का साई डिजीस्टिक एम एन सी सोनीपत में हुआ प्लेसमेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के एमएससी प्रिंटिंग पैकेजिंग और ग्राफिक्स के छात्रों का साई डिजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड सोनीपत में चयन हुआ है। छात्र नीतीश तिवारी और प्रीति जांगड़ा का 3 लाख के पैकेज के साथ सीनियर एग्जीक्यूटिव बिजनेस डेवलपमेंट के पद पर चयन हुआ है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने संस्थान की निदेशक और चयन हुए छात्रों को इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी।साई डिजीस्टिक प्राइवेट लिमिटेड सोनीपत लेबल पैकेजिंग में उत्तर भारत के अग्रणीय उद्योगों में से एक है। गौरतलब है के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मीडिया संस्थान में न्यू मीडिया के विषय पर कई नए कोर्स चलाए जा रहे हैं।

संस्थान की निदेशक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने चयन हुए छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की और उन्होंने कहा कि संस्थान में पत्रकारिता के साथ-साथ प्रिंटिंग, ग्राफिक्स, पैकेजिंग एवं मल्टीमीडिया के क्षेत्र में ग्रेजुएशन एंड पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स चलाए जा रहे हैं।

# विद्यालय में हनुमान जयंती मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

विद्यालय में हनुमान जयंती कार्यक्रम बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम मनाया गया मंच संचालन शगुन द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने हनुमान चालीसा, गीत, नृत्य, नाटक, भाषण , कविता व प्रश्नोत्तरी आदि प्रस्तुत किए। बच्चों ने भाषण व गीत के माध्यम से हनुमान जैसे भक्त बनने व उनके आदर्शों के महत्व को बताया। साथ ही उनके जीवन का



वर्णन भी किया। इसी उपलक्ष्य में कक्षा पहली से तीसरी के विद्यार्थियों ने हनुमान के चित्र व कृतियां बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें भी उनके जैसा भक्त व आदर्शवादी बनना चाहिए।

**आदर्शवादी**

8 बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें भी उनके जैसा भक्त व आदर्शवादी बनना चाहिए

# आर्य चौक पर 'शारदा मनोरोग अस्पताल' का हुआ शुभारंभ

**मरीजों को राहत**

8 अंबाला शहर के आर्य चौंक के नजदीक शारदा मनोरोग हस्पताल का शुभारंभ किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर के आर्य चौंक के नजदीक शारदा मनोरोग हस्पताल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अंबाला के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। हस्पताल के संचालक डॉ. प्रवीन गोदारा व डॉ. पूजा गोदारा ने बताया कि पुराने-से-पुराने नशे की लत में फंसे



लोगों का सफल ईलाज किया जाता है। उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, बच्चों की मानसिक बिमारियों सहित अनेक प्रकार के ईलाज किये जाते है। यहा पर रोगियोंक को भर्ती करने की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है। हस्पताल में आधुनिक तकनीक व प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा ईलाज किया जा रहा है। डॉ. प्रवीन गोदारा मुम्बई, कुरूक्षेत्र में भी अपनी सेवाएं दे चुके है। उन्होने बताया कि आजकल मानसिक बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। तनाव (स्ट्रैस) का लोगों तेजी से शिकार हो रहे है। ऐसे में यहां पर काउंसलिंग, थेरेपी व दवाईयों के द्वारा ईलाज किया जा रहा है।

# 'भक्त शिरोमणि हनुमान जी का जीवन लोक मंगल के लिए समर्पित'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : भारतीय संस्कृति में निष्काम सेवाभाव को सर्वोच्च माना गया है। इस निष्काम सेवा भावना जैसे महान सद्गुणों के सर्वाधिक ज्वलंत प्रतीक महावीर हनुमान है। केसरीसुत और अंजनी नंदन महाबली हनुमान का जीवन हमें यह शिक्षा देता है कि बिना किसी अपेक्षा के निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से व्यक्ति भक्त ही नहीं, वरन भगवान तक बन सकता है। यह विचार हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित भक्ति संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये।




कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यर्थियों द्वारा हनुमान वंदना एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस उपलक्ष्य में ब्रम्हचारियों द्वारा श्रीरामचरित मानस के सुन्दर कांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भारत की सनातन संस्कृति के अष्ट चिरंजीवियों में विख्यात संकटमोचन हनुमान श्रीराम कथा के ऐसे अविस्मरणीय अमर पात्र हैं जिनके सबल आधार पर ही राम एवं रावण के महासमर में रामविजय की पटकथा लिखी गयी थी। शास्त्र कहते हैं कि स्वयं भगवान श्रीराम ने उन्हें अमरत्व का वरदान दिया था। यदि उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को गढ़ने वाला प्रमुख सूत्रधार कहें तो जरा भी अतिश्योक्ति नहीं होगी। रामभक्त श्री हनुमान जी ने समुद्र लांघ कर लंका की यात्रा की थी। उनकी यात्रा के अनेक निहितार्थ संदेश हैं जिन्हें अंगीकार कर हम अपने जीवन की यात्रा को भी मंगलमय बना सकते हैं और एक सफल जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं।कार्यक्रम का विश्राम हनुमान जी की आरती से हुआ। कार्यक्रम में आश्रम के सदस्य, विद्यार्थी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**भक्ति में लीन**

8 हनुमान का जीवन शिक्षा देता है कि नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने से व्यक्ति भक्त ही नहीं, वरन भगवान तक बन सकता है

# डीपीएस में आयोजित करवाई गई मानकों पर आधारित लेखन प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

डीपीएस पानीपत सिटी में भारतीय मानक ब्यूरो ने विद्यालय मे मानकों पर आधारित एक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया ' इसमें स्टैंडर्ड क्लब के सदस्यों और विद्यालय के कुल 20 छात्रों ने भाग लिया सर्वप्रथम उन्होंने विद्यालय के छात्रों को मानकों का प्रारूप समझाया तत्पश्चात उन्होंने छात्रों को कुछ मानक दिए जिसके आधार पर छात्रों ने लिखित रूप में बताया कि हम किस प्रकार मानकों का प्रयोग करके उत्पादों का निर्माण कर सकते हैं' इस प्रतियोगिता में कार्तिक और नवनीत की टीम ने प्रथम पुरस्कार शालिनी और मानसी ने द्वितीय रवीना और युतिका ने तृतीय पुरस्कार मेहल और आदित्य ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया विद्यालय की प्रधानाचार्या

रोहिणी दहिया ने छात्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया ' उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढाती हैं।

# 'शहीदों के सिरताज' श्री अर्जुन देव जी की याद में सुखमणी साहिब पाठ होगा

**पाठ**

8 सुखमणी साहिब के पाठ 2 मई से साथ 3 बजे से 5 बजे तक हुआ करेंगें, यह पाठ 10 जून तक होंगें : बिल्ला

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाऊन में 5 वें गुरु श्री अर्जन देव जी के 418 वें शहीदी दिवस के उपलक्ष में संमूह संगत द्वारा मिलजुल कर हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी "शहीदों के सिरताज श्री



अर्जुन देव जी की मीठी याद में ती सुखमणी साहिब के पाठ 2 मई से साथ 3 बजे से 5 बजे तक हुआ करेंगें, यह पाठ 10 जून तक होंगें। यह जानकारी गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी । उन्होंने कहा कि श्री सुखमणी साहिब के पाठ लगातार 40 दिन होंगे कपाठ साहिब के उपरांत भाई गुरुमुख सिंह गुरबाणी किर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे कबिल्ला ने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी के इतिहास बारे कथा, विचार भी किए जाएगें।

# हनुमान जन्मोत्सव पर रियल जूस का विशाल लंगर लगाया गया

## शहरवासियों को राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाए दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर रियल जूस का विशाल लंगर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने की उन्होंने बताया की सृष्टि पर मानवता की रक्षा और अनैतिक शक्तियों को नष्ट करने वाले राम भक्त वीर हनुमान को समस्त विश्व द्वारा याद किया जाता है।हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी व सभी पर हनुमान जी की कृपा सदैव बनी रहे। हनुमानजी आप सभी को शक्ति और संजीवनी दें। सेवा ट्रस्ट यूके



भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से डाबर रियल जूस का अटूट भण्डारा वितरित किया। उन्होने सभी को सपरिवार हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी व कहा की श्री राम भक्त हनुमान जी की कृपा आप सभी पर बनी रहे ऐसी प्रभु से प्रार्थना है। सेवा ट्रस्ट के खंड कोआर्डिनेटर विजय पंघाल व वालंटियर पूजा सैनी ने सभी रामभक्तों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई वह शुभकामनाएं दी व सेवा ट्रस्ट द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। सेवा ट्रस्ट सभी महापुरुषों की जयंती व धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी सहयोगी डाबर के सहयोग से रियल जूस का लंगर लगाती रहती हैं जन सहयोग संस्था से मास्टर जितेन्द्र द्वारा इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट का धन्यवाद किया व कहा की इस तरह के सामाजिक कार्यो के लिए हर संभव सहायता देने के लिये तैयार है । इस अवसर पर योगेश गर्ग, रमेश

**जन्मोत्सव**

8 अनैतिक शक्तियों को नष्ट करने वाले राम भक्त वीर हनुमान को समस्त विश्व द्वारा याद किया जाता है

# भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी: सुमन सैनी

## पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर और नायब सिंह सैनी के लिए की मतदान की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी है। प्रदेश व केंद्र की मोदी सरकार ने अनेको ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले। सुमन सैनी



मंगलवार को शिव कालोनी में अशोक शर्मा, राम नगर में कैलाश भगत निवास, न्यू रमेश नगर में सुमेर चंद व सेक्टर-32 में विकास निझावन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पहुंची और भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया। जगह-जगह पर सुमन सैनी का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी के लिए वोट की अपील की। जनसभा में उपस्थित सभी लोगों ने

**वोट की अपील**

**8 मोदी सरकार ने अनेको ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है**

भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की बात कही। इसके लिए सुमन सैनी ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पहले विपक्ष ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबी नहीं हटा पाए और जनता के वोट बटौरे और जनता को गुमराह करने का काम किया। भारतीय जनता पार्टी जब से आई है, तब से गरीबों के हित के लिए कार्य कर रही है। सरकार किसानों के लिए अनेकों योजनाएं लेकर आई, जिसके चलते आज देश और प्रदेश के के किसान खुशहाल हैं। सुमन सैनी ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगी और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, रेखा आनंद, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, अमर ठक्कर, भगवानदास अग्घी, राजेश अग्घी, राजेंद्र राजू, प्रमोद नागपाल, बिशन सिंह शेखावत, रजनी परोचा व जसपाल वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# दिनेश गुलाटी ने विशेष रूप से युवाओं को योग के लिए प्रोत्साहित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में संस्थापक दिनेश गुलाटी ने योग क्रियाओं, आसन व प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए इसकी उचित विधि और लाभों के विषय में बताया। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को योग के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे कि युवा भी अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर योग करें और इसके महत्व को समझें। उन्होंने कक्षा में विभिन्न तरह के सूक्ष्म क्रियाएं, आसान वह प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वजन को कम करने वाले आसन सर्वाइकल को ठीक करने की क्रियाएं और डायबिटीज जैसे बीमारी को दूर रखना के लिए विभिन्न क्रियाएं करवाई गई।



उन्होंने बताया कि अग्निसार क्रिया प्राणायाम का एक प्रकार है। इस क्रिया से शरीर के अंदर एक अग्नि उत्पन्न होती है, जो शरीर के सभी रोगाणुओं को भस्म कर देती है। उन्होंने कक्षा में अग्निसार क्रिया का अभ्यास करवाते हुए कहा कि इस क्रिया से शरीर को चलाने वाली सभी अग्नियों को बल मिलता है और ये उन सभी शिथिल अग्नियों को फिर से एक्टिवेट करती है। अग्निसार क्रिया के लाभों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि ये पाचन क्रिया को गतिशील कर उसे मजबूत बनाती है और पेट की चर्बी को घटाकर मोटापे को दूर करती है। कब्ज में भी ये क्रिया लाभदायक है। दिनेश गुलाटी ने बताया कि पेप्टिक अल्सर, कोलाइटिस, हर्निया व अस्थमा के रोगी इस क्रिया को ध्यानपूर्वक करें।

## न्यूज फ्लैश

### मानव को एकत्व के सूत्र में बांधता है मानव एकता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सतगुरु माता सुदीक्षा** जी महाराज के पावन आशिर्वाद से मानव एकता दिवस का आयोजन 24 अप्रैल को रेलवे रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में किया जाएगा। यह दिन युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण की भावना को समर्पित है। इस कार्यक्रम में जिला करनाल की सभी ब्रांचों के श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह जी एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें। संत निरंकारी मिशन के करनाल के जोनल इंचार्ज सतीश हंस जी ने बताया कि सतगुरु माता जी की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समूचे विश्व के विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा, जिसमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदाता, रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि करनाल में रेलवे रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में 24 अप्रैल को आयोजित होने रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहित करने हेतु कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज एवं सिविल अस्पताल के प्रशिक्षित डाक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की टीम सम्मिलित होंगी। ध्यान रहे कि यह रक्तदान शिविर निरंकारी भवन में बाद दोपहर ३तीन बजे से छह बजे३ तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन एक साथ ही देश के अन्य राज्यों में भी आयोजित रक्तदान शिविरों में स्थानीय अस्पतालों के डाक्टर एवं नर्स रक्त संग्रहित करने हेतु उपस्थित होंगे। इसके अतिरिक्त सभी स्थानों पर सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसी लड़ी में करनाल में भी ३रात्रि छह से नौ बजे३ तक सत्संग का आयोजन होगा। महात्मा सतीश हंस ने बताया कि युगप्रर्वतक बाबा गुरबचन सिंह जी ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याणार्थ समर्पित किया। उन्होंने ब्रह्मज्ञान की दिव्य दात द्वारा मानव को मानव से जोडकर प्रेम और मिठास की सदा बहने वाली निर्मल धारा को प्रवाहित कर हर हृदय में अपना स्थान बनाया। प्रत्येक भक्त के जीवन को वास्तविक रूप में एक व्यावहारिक दिशा प्रदान की जिसके लिए मानवता उनकी सदैव ही ऋणी रहेगी।

### प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुये पंजाबी सैनिकों की स्मृति में बेलज्यिंस द्वारा अखंड पाठ को होगा आयोजन

**चंडीगढ़:** प्रथम विश्व युद्ध बेल्जियम में ब्रिटिश फौज के लिये शहीद हुये पंजाब के सिख सैनिकों की स्मृति में बेल्जियम स्थित यिपर्स के इनफ्लेंडर्स फील्ड म्यूजियम और चंडीगढ़ स्थित सिखया सीकर्स द्वारा तीन दिवसीय अखंड पाठ का आयोजन किया जायेगा। खालसा सजना दिवस की 325वी वर्षगांठ के अवसर पर म्यूजियम मैनेजमेंट ने सम्मान और आभार व्यक्त के रुप में 26 से 28 अप्रैल को अपने संग्रहालय परिसर में इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करने की घोषणा की है। इसी के साथ चंडीगढ़ में भी इसी अवधि के दौरान सेक्टर 34 स्थित गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब में भी अखंड पाठ का आयोजन होगा। बेल्जियम से वर्चुअल माध्यम से जुड़े इनफ्लेंडर्स फील्ड म्यूजियम के एसोसिएट शेर सिंह ने प्रेस कल्ब में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये बताया कि बेल्जियम देश, उन सिख सैनिकों का सदैव आभारी रहेगा जिन्होंनें 1914 से शुरू हुये प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन, आस्ट्रिया-हंग्री, बुलगरिया और ओटोमन सम्राज्य की संयुक्त सेंट्रल पावर के आक्रमण का डट कर मुकाबला किया । परिणामस्वरुप बेल्जियम जर्मन सैनिकों के कब्जे से बचा रहा और अंत में बेल्जियम गुट वाले एलाईड देशों (ब्रिटेन, फ्रांस, रुस) की जीत हुई। उन्होंनें बताया कि बैसाखी माह के पावन पर्व पर यह अखंड पाठ बेल्जियम के देशवासियों द्वारा एक श्रृद्धांजलि है। उन्होंनें कहा कि लीपर्स, भारतीय और बेल्जियम के इतिहास का मिलन है और इस रणभूमि में दो बड़े युद्धों में हजारों पंजाबी सैनिक वीर गति को प्राप्त हुये और इनकी बहादुरी के किस्से बेलज्यिम में अमर रहेंगें। इस अवसर पर मौजूद चंडीमंदिर स्थित वैस्टर्न कमांड के जीओसी-इन-चीफ जनरल जनरल केजे सिंह (रिटायर्ड) ने प्रथम विश्व युद्ध में पंजाबी सैनिकों की महत्वता पर बल देते हुये कहा कि उन्होंनें अपनी सेवा को सर्वोपरि रखते हुये बहादुरी का परिचय दिया और वैश्विक राजनैतिक की दशा बदल दी। महीनों की यात्रा के बाद सात समुंद्र पार कर विदेशी जमीन पर पंजाबियत की शूरवीरता के झंडे गाड़े।

# पूरे विश्व के चहेते नेता हैं नरेंद्र मोदी: सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि पिछले साढे 9 सालों तक मनोहर लाल ने साफ सुथरी सरकार चलाई है। बेदाग और साफ छवि के मनोहर लाल ने जो कहा है, वह करके भी दिखाया है और जनता की भलाई के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भी प्रदेश में विकास का पहिया यूं ही घूमता रहेगा। सरकार ने बिना खर्ची और बिना पर्ची के रोजगार दिया। गरीब और जरूरतमंदों के लिए सरकार



आयुष्मान योजना लेकर आई, जिसका आज लोग पूरा लाभ उठा रहे हैं। सुमन सैनी मंगलवार को काछवा में प्रदीप धमीजा व राजेंद्र बेदी की ओर से आयोजित जनसभा में पहुंची और मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। इसके बाद डबरी गांव में सरपंच सुरेश द्वारा आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी के लिए वोट की अपील की। जनसभा में उपस्थित ग्रामीणों ने हाथ उठाकर कहा कि नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। जनता करनाल से मनोहर लाल और नायब सैनी का साथ देगी। इसके लिए सुमन सैनी ने सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि जनता किसी के बहकावे में आए और पिछले 55 साल और भाजपा सरकार के 10 सालों में अंतर करे कि 10 सालों में आज हमारा देश किन ऊंचाईयों पर पहुंच चुका है। नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं पूरे विश्व के चहेते नेता बन चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की पूरा विश्व सराहना करता है। विदेशों में प्रधानमंत्री का जोर-शोर से स्वागत किया जाता है।

# 'मोदी की गारंटी पर तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री के** विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि 2024 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र की गारंटी पर लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। जनता इस बार नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को साकार करके दिखाएगी। हरियाणा की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा। करनाल से मनोहर लाल की जीत ऐतिहासिक होगी। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी नायब सिंह सैनी भी विजयी होंगे। विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि इन 10 सालों में देश जिस तरह से आगे बढ़ा है और देश ने जिस तरह से हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है यह केवल नरेंद्र मोदी की वजह से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि देश में हरियाणा प्रदेश ने भी अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन देश व प्रदेश की जनता विपक्ष के बहकावे में नहीं आएगी। उन्होंने दावा किया कि केन्द्र व प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी।

# क्रेन की चपेट में आने से गाड़ी चालक की मौत, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र में** केएमपी रोड पर ओवर ब्रिज के पास क्रेन की चपेट में आने से आइशर गाड़ी चालक घायल हो गया। गंभीर चोट लगने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भ्जिजवाया। जहां शव का पोस्टमर्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस क्रेन चालक की तलाश कर रही है।

गांव रिवासा महेंद्रगढ़ निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि उसके पास दो गाड़ियां है। उसकी गाड़ी में राजस्थान निवासी महेंद्र चालक के तौर पर कार्यरत है। गत 22 अप्रैल को भिवाड़ी राजस्थान से पंतजली हरिद्वार का माल भरकर चला था। उसकी गाड़ी केएमपी रोड पर नरेला सोनीपत रोड पर बने ओवर ब्रीज के पास पहुंची। जहां एक क्रेन चालक ने अपनी पीछे कडंम बस बंधी हुई। क्रैन चालक की लापरवाही की वजह से क्रेन उसकी गाड़ी में टकरा गई।

जिसके चलते उसके चालक कुलदीप को काफी चोट लगी। उसे गंभीर चोट लगने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की मदद से मामले की शिकायत पुलिस को दी। सूचना के बाद बारोटा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

# 'संकल्प को पूरा करने के लिए मेहनत करें कार्यकर्ता'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा के प्रदेश** संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है। कार्यकर्ता इस संकल्प को पूरा करने के लिए और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकताओं की मेहनत के दम पर नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने मंगलवार को रेलवे रोड स्थित भाजपा विधानसभा चुनाव कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की संगठनात्मक



बैठक ली।

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी बूथ पर बनी प्रबंधन समिति, त्रिदेव के सदस्यों व आम जनता के बीच सक्रिय संवाद रखें। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शक्ति केंद्र प्रमुख, केंद्र पालक आदि सभी एकजुट होकर काम करें और करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को विजयी बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, संजय बठला, जगमोहन आनंद, बृज गुप्ता अमरनाथ सौदा, सुनील गोयल, अशोक भंडारी, वीर विक्रम कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# युवा प्रकृति प्रहरी पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के युवा प्रकृति प्रहरी पुरस्कार सम्मान समारोह-2024 का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ दलजीत सिंह ने की व कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार अध्यक्ष इको क्लब की देखरेख में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सुश्री टीनू पोसवाल सिटी मजिस्ट्रेट पानीपत व अतिविशिष्ट अतिथि बी.के.दीदी सन्तोष शामिल हुई। सिटी मजिस्ट्रेट टीनू पोसवाल ने कहां की किसी भी काम के पीछे एक विचार होता है उसे सफल



बनाने के लिए सामूहिक प्रयास उसे सफलता तक ले जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा सभी मिलकर प्रयास करें तभी वातावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है। प्रो दलजीत कुमार ने एक मुहीम की शुरूआत की है उसे छात्रों ने मिलकर एक जन आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने इस मुहीम को को पुरे देश व प्रदेश में पहुंचाने का आह्वान किया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इस सम्मान समारोह में 80 पूर्व व वर्तमान इको क्लब के विद्यार्थियों को 14 पत्रकारों को और 06 अध्यापकों को तथा दो समाज सेवियों को सिटी मजिस्ट्रेट टीनू पोसवाल और बीके सन्तोष ने सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इन इको क्लब के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के साथ ही महाविद्यालय के बाहर भी पर्यावरण संरक्षण के अनेक अभियानो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इस दौरान डॉ सरोज चौहान, डॉ स्नेहलता, डॉ बृजेश बराड़, डॉ दलबीर देसवाल, डॉ पूजा रानी, डॉ हेमलता, डॉ श्रीराम शर्मा बीके पालाराम, मास्टर सतीश कुमार,अनिल माली सहित इको क्लब के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बंद मकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र** के वेस्ट रामनगर स्थित बंद मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषणों के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पटना बिहार हाल में वेस्टराम नगर निवासी अर्जुन महतो ने बताया कि उसकी चचेरी बहन की पटना में शादी थी। उनके परिवार के सदस्य कई दिन पहले ही शादी में चले गए थे। जिसके बाद 14 अप्रैल को वह भी घर पर ताला लगाकर पटना चले गए। जब वह सोमवार को घर वापस आए तो ताले टूटे मिले। अंदर गए तो सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने देखा कि घर से चांदी की हसली, तीन जोड़ी पाजेब, सोने का झुमका व बालियां चोरी कर ले गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई मनोज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# 'मातृभाषा हिंदी के साथ अंग्रेजी भाषा पर भी बनाएं मजबूत पकड़'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में मंगलवार को अंग्रेजी भाषा दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया । स्कूल में विशेष असेंबली का आयोजन कर अंग्रेजी भाषा के विकास में महान कवि व नाटककार विलियम शेक्सपियर के अभूतपूर्व योगदान को याद किया गया । इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने साहित्य जगत के सम्राट कहे जाने वाले विलियम शेक्सपियर को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्कूल में परंपरागत रूप से उनकी जयंती भी मनाई गई । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि इस महान लेखक ने दुनिया को अलविदा भी 23 अप्रैल, 1616



को कहा था। इसलिए संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को अंग्रेजी भाषा दिवस के तौर पर चुना। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी आज एक ऐसी भाषा बन गई है जो दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों को साथ में जोड़ती है। अधिकतर कंपनियां ऐसे लोगों को नौकरी देना पसंद करती हैं, जिनकी अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ हो। कई यूनिवर्सिटी विदेशी छात्रों को एडमिशन देने के लिए अंग्रेजी भाषा का टेस्ट लेती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी मातृभाषा हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा पर भी अपनी अच्छी पकड़ बनाएं । सीईओ संजय जैन ने कहा कि विलियम शेक्सपियर की लिखी हुई कृतियों का विश्व की कई

**संचालन**

**8 मार्गदर्शन में लैपर्ड हाउस की छात्रा अर्पिता व तानिया ने शानदार तरीके से कार्यक्रम का संचालन किया**

भाषाओं में अनुवाद किया गया है । उनकीकहानियों-नाटकों पर आधारित कई बेहतरीन फिल्में बनी हैं । आज भी शेक्सपियर के नाटकों का जादू पूरी दुनिया पर छाया हुआ है। ऑथेलो हो या मैकबेथ, जूलियस सीजर हो या फिर रोमियो एंड जूलियट, शेक्सपियर के नाटक आज भी बड़े चाव से देखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में अंग्रेजी का पहला स्थान है। अंग्रेजी भाषा आज बिजनेस और एजुकेशन में सबसे ज्यादा प्रचलित है। प्राचार्या गीता चोपड़ा के मार्गदर्शन में लैपर्ड हाउस की छात्रा अर्पिता व तानिया ने शानदार तरीके से कार्यक्रम का संचालन किया। झलक, अदिति , प्रिया, अक्षरा, नैंसी, शगुन आदि छात्राओं प्रार्थना में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अंशिका, पर्व पालीवाल, अर्जुन, हर्षित, नेहा, हिमांशी, कादंबरी छात्र -छात्राओं ने भी अंग्रेजी भाषा दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के आयोजन में अध्यापिका मधु पालीवाल, सीमा, काजल, महक, वर्षा, सपना आदि ने अहम भूमिका निभाई।

# जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार : जिलेराम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा के वरिष्ठ** नेता जिलेराम शर्मा ने कहा कि देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल भारी बहुमत से विजयी होंगे। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 वर्षो में हरियाणा प्रदेश में जो काम किया है, देश के दूसरे राज्य भी मनोहर लाल की तारीफ करते हैं। यही वजह है कि लोग भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित हैं और नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री



के रूप में देखना चाहते है। जिलेराम शर्मा ने कहा कि करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी करनाल में कमल खिलेगा और नायब सिंह सैनी विजयी होकर करनाल के विकास को रफ्तार देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी तथा केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं के चलते केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना निश्चित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षो में जो ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, उस तरह के फैसले केवल नरेंद्र मोदी ही ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सच्चे देशभक्त हैं, जिन्होंने देश को आगे ले जाने के लिए अपनी दिन रात एक कर दी और इन 10 वर्षों में देश के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी।

# मॉडल टाउन में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-68 मॉडल टाउन थर्ड में श्री बाला जी भक्त मंडल व जय हिंन्द चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान पंडाल भक्तों से खचाखच भरा हुआ नज़र आया। इसी मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**कई गणमान्यों ने लिया हनुमान महाराज का आशीर्वादः** हनुमान जन्मोत्सव के दौरान श्री हनुमान महाराज का आशीर्वाद लेने के लिए कई नेताओं व श्रद्धालुओं ने भी शिरकत की, जिसमें कि भारत सरकार में पूर्व मंत्री जगदीश टाइटलर, वार्ड-68 मॉडल टाउन से निगम पार्षद विकेश सेठी, मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, हरिकिशन जिंदल, संगम पार्क वार्ड नंबर-67 से निगम पार्षद सुशील जोंटी, नेता सदन मुकेश गोयल, कपिल नागर, नेहा अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, स्वाति सचदेवा खन्ना, वरूण खन्ना, अहान खन्ना, संजीव रोडे, भारत सहगल, नीरज चोपड़ा, संगीता मोंगा,रश्मि बजाज, शैली सहगल, सुशील मेहता, प्रेमा जोशी, कमलेश नरूला, अंजना सूर्या, इसके अतिरिक्त अतिथियों में प्रभांशु कुमार, आप नेता सुशील गर्ग, सुरजीत सिंह, बृजकिशोर, शिव शंकर पाल, मदन यादव, पंकज यादव सहित आदि गणमान्य लोगों ने श्रीबाला जी महाराज का आर्शीवाद लिया। इस दौरान सभा के गणमान्य ट्रस्टीयों में विजय मेहता, संजय सहगल, संजीव शर्मा, शिव शंकर नरूला, मुकेश सूर्या, निर्भय नरूला बाला जी महाराज की भक्ति में झूमते हुए नज़र आए।

## हैदरपुरः हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर प्राचीन हनुमान मंदिर, जल शोधन संयंत्र हैदरपुर नहर बादली पर श्री कृष्ण यादव द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सह संयोजक, झुग्गी झोपड़ी सम्पर्क अभियान दिल्ली प्रदेश एवम पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि हनुमान सभी भक्तों की सुनते है, जो भक्त उनकी सच्चे ह्दय से आराधना करते है, उनकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है। इसलिए सभी भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। उन्होंने बताया कि आज बड़े ही भव्य में जगह-जगह हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया और कई प्रकार के आयोजन हो रहे है।

मैं श्रीकृष्ण यादव का भी धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने इतने बड़े भव्य रूप में आयोजन किया है।

## जन्मोत्सव पर सदर बाजार में गूंजे श्री राम के जयकारे




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः श्री राम** सेवा समिति दिल्ली प्रदेश की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष पर सदर बाजार में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव महासचिव सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार का स्वागत संस्था के चन्द्रमोहन खटक ने किया। इस अवसर पर सदर बाजार में श्री राम के जयकारे गूंज उठे। इस अवसर पर सदर बाजार की विभिन्न संस्थाओं ने भी मंच लगाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया।

## मंगल करण और संकट हरण हैं हनुमान जी महाराजः मनराल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित लाल बाग में रहने वाले व कांग्रेसी नेता सुनील सिंह मनराल ने शिव शंकर के 11वें रुद्र अवतार भगवान हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शुभकामनांए देते हुए कहा है कि रामायण में जिस कुशलता से हनुमान जी महाराज ने तमाम समस्याओं का समाधान किया था जो कि बिना विशेष योग्यता के हो ही नहीं सकता है, इसके साथ ही हम इसको समय, ज्ञानवानी और संसाधनों का सटीक प्रयोग करने के कारण ही मैनेजमेंट गुरु भी कह सकते हैं। **विभिन्न नामों से पुकारा जाता है हनुमान जी कोः** वहीं उन्होंने यह भी कहा बजरंगबली आज भी धरती पर सशरीर मौजूद हैं, वह आज भी सभी के संकटों का निवारण करते हैं, इसके अतिरिक्त अंजना और केसरी के पुत्र हनुमान जी को वानर देवता, बजरंगबली और वायु देव भी कहा जाता है।

## सावन पार्क में पूर्व निगम पार्षद ने किया विशाल भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के सावन पार्क इलाके में धार्मिक एकता मंच व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल ने किया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, विधायक राजेश गुप्ता, परशुराम शर्मा, विकास गोयल, महेश खारी, चन्द्रेश वर्मा, जोगिन्दर खारी, रामकिशन, योगेश, प्रवीण, चन्दर, मेघ सिंह राणा, फूल सिंह, किशन पाल प्रधान, वीर सिंह जैन, दमोदर मास्टर जी, बलदेव, गंगा प्रसाद, राजेन्द्र, राम कुमार, काका, अश्विनी शर्मा, अजय कुमार, राहुल स्वामी, उत्तम सिंह, रवि कुमार, अक्षय कुमार, हुकुमचंद यादव, केवल कोहली, राजकुमार राजा, अनुप कुमार, नेत्रपाल, पप्पन, यासीन, संदीप गुप्ता, बेनिराम, अमित, सुमित, बलवीर सिंह, आनन्द, जितेन्द्र, भोला, सपना गोयल, पंजाब सिंह, मनमोहन, लालू प्रसाद, लाला ओम प्रकाश , पंडित जी, यश गुप्ता, श्यामसुन्दर, देवेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, प्रमोद शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सरदार मान सिंह ने कहा कि मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में खुशियां लाये। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने विचार रखें।

## काशी के विद्वानों द्वारा दंडी स्वामी देवादित्यनंद सरस्वती को जगतद्गुरु पद पर अभिषिक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः वरिष्ठ भाजपा** नेता व अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सभी को बधाई देते हुए बताया कि आज 23 अप्रैल 2024 तदानुसार चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को 7, शंकराचार्य मार्ग, सिविल लाइंस, दिल्ली में हजारों धर्म प्रेमियों की उपस्थिति में दंडी स्वामी देवादित्यनंद सरस्वती जी को जगद्गुरू पद पर अभिषिक्त करने का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में जन समूह से सनातन धर्म संस्कृति के सिद्धांत पर चलने के लिए आवाहन किया और विद्वानों को संबोधित करते हुए कहा पुरातन भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए जन मानस को प्रत्यनशील रहने की जरूरत है धर्म ही मनुष्य को जीने रहने की सिख देता है।

इस अवसर पर जयभगवान गोयल ने बताया कि बड़े हर्ष का विषय है की जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन स्वामी माधवाश्रम जी महाराज के परम शिष्य दण्डी स्वामी देवादित्यानंद सरस्वती जी महाराज जी का 'जगतगुरु' पद पर अभिषेक अखिल भारतीय काशी विद्वत परिषद, भारत धर्म मंडल, धर्म संघ, राम राज्य परिषद के देवेंद्र चतुवेर्दी, सर्वदलीय गो रक्षा महाभियान के संस्कृत विद्वानों, वरिष्ठ सन्तों आदि के सानिध्य में हुआ।

## एकदाना फाउंडेशन ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार 23 अप्रैल 2024 को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में एकदाना फाउंडेशन की ओर से प्रसाद वितरण और शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से सवा क्विंटल लड्डू और बूंदी, हलवा आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के ट्रस्टी अमित कुमार, प्रिसिडेंट धीरज शर्मा, जितेंद्र गर्ग, विनीत कौशिक, राजेश कपूर, संदीप गुप्ता, अमित अरोड़ा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में शामिल विशिष्ठ व्यक्तियों को 'एक दाना फाउंडेशन' की ओर से अजय शर्मा, जितेंद्र गर्ग, पंकज साहनी, राजेश कपूर, विनीत कौशिक, धीरज शर्मा, गौरी शंकर, प्रिंस पसरीचा को हनुमान जी की प्रतिमा और फटका भेंट कर सम्मानित किया गया।

# नरेला : मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन ने निकाली निशान ध्वज यात्रा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली के नरेला में मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन ने मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विशाल निशान ध्वज यात्रा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में रामभक्त ध्वज निशान लिए जय श्री राम, जय बजरंगबली के जयकारे लगा रहे थे। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी दिल्ली के नरेला में महाबली अंजनी पुत्र हनुमान जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने शोभा यात्रा, भंडारे सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर श्रीराम और हनुमान के नाम की पताका चहूं और लहराती दिखी। इस दौरान पूरा नरेला शहर भगवामय नजर आया। इसी कड़ी में रहे मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विशाल निशान शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा लक्ष्मी ज्वेलर्स से आरंभ होकर बाजार के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस लक्ष्मी ज्वेलर्स पर संपन्न हुई। विशाल शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में रामभक्त ढोल नगाड़ों पर नृत्य करते हुए हनुमान, श्रीराम ध्वजा लेकर जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयकारे लगा रहे थे। जिससे पूरा क्षेत्र राममय हो गया। शोभा यात्रा में 8 फुट के हनुमान जी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। लोगों ने हनुमान जी के साथ जमकर सेल्फी ली। निशान ध्वज यात्रा का लोगों ने कई जगह पुष्प पर वर्षा कर स्वागत किया। वहीं महिलाओं ने हनुमान जी की आरती उतारी। इस दौरान वाद्ययंत्रों व रामभक्तों द्वारा लगाए जा रहे जय श्री राम ,जय बजरंगबली जय हनुमान के गगन भेदी जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। निशान शोभायात्रा में हेमराज बंसल, श्री भगवान गौतम, मनोज बंसल, अनिल वर्मा, विकास बंसल, सुनील गर्ग, अमित बंसल, गौरव, सतीश कौशिक, सुनील कौशिक, सन्नी भारद्वाज, साहिल बंसल, सीताराम, आदित्य सिंगल, साहिल गर्ग, अनिल गर्ग, सुनील जिंदल, सुनील सिंगल, मनोज सिंगल, प्रवीन वर्मा, श्रीनिवास वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

# पंचकूला विधानसभा की विजय संकल्प रैली 28 अप्रैल को, सीएम नायब सैनी होंगे मुख्य अतिथि

**संकल्प रैली**

8 *ऐतिहासिक होगी पंचकूला विधानसभा की विजय संकल्प रैली : ज्ञानचंद गुप्ता*



**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि 28 अप्रैल को होने वाली पंचकूला विधानसभा की विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक होगी। अंबाला लोकसभा के प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में मुख्यमंत्री नायब सैनी 28 अप्रैल को पंचकूला विधानसभा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पार्टी कार्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता बैठक हुई बैठक में ज्ञानचंद गुप्ता ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारियां दी।

ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि पंचकूला विधानसभा की विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक और भव्य होगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं से कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को रैली में लेकर आएं।

ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि विजय संकल्प रैली 28 अप्रैल को सायं 4 बजे अग्रवाल भवन, सेक्टर-16 के पीछे पार्किंग में होगी। रैली को लेकर कार्यकताओं और लोगों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि रैली की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अभी से काम में लग जाएं। गांव-गांव, वार्ड व मोहल्लों में जाकर लोगों को रैली का निमंत्रण दें। उन्होंने कहा कि गांवों के प्रमुख लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित करें। श्री गुप्ता ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताएं कि मोदी और नायब सरकार में हर वर्ग को न्याय मिल रहा है और जबरदस्त विकास कार्य हो रहे हैं।

श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार ने किसान, कर्मचारी, व्यापारी हितेषी नीतियां लागू की हैं। बीजेपी सरकार सबका साथ सबका विकास के फामूर्ले पर कार्य कर रही है। सरकार किसी भी क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे नहीं छोड़ना चाहती। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद, क्षेत्रवाद और भाई भतीजावाद के खिलाफ है। भाजपा में कार्यकर्ता ही शिखर तक पहुंचते हैं।

उन्होंने कहा कि साधारण परिवार से आने वाला व्यक्ति नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनते हैं, यह भाजपा में ही संभव है। परिवारवाद से देश को खतरा है, इस खतरे से देश को बचाना है।

बैठक में श्री गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता लोगों के बीच जाएं और मोदी तथा नायब सरकार की उपलब्धियां बताएं। उन्होंने कहा कि लोगों को बताएं कि 10 सालों में कैसे डबल इंजन सरकार ने लोगों के जीवन को सरल बनाया है।

# मुख्यमंत्री को गेहूं खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं- बजरंग गर्ग

**दावे फेल**

8 सरकार के झूठे व खोखले दावों से किसान व आढ़ती बर्बाद हो रहा है- बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांफेड के पूर्व चैयरमेन बजरंग गर्ग ने अपने मंडियों के दौरे के दौरान कहा कि अनाज मंडियों में लगभग 55 लाख मेट्रिक टन गेहूं आ चुकी है मगर गेहूं का उठान ना होने से लगभग 35 लाख मेट्रिक टन गेहूं मंडियों व सड़कों पर पड़ी है। मुख्यमंत्री के गेहूं खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं। सरकार के झूठे व खोखले दावों के कारण किसान व आढ़ती बर्बाद हो रहा है। जो मुख्यमंत्री किसान की फसल की समय पर खरीद, उठान व भुगतान ना करा सके उस मुख्यमंत्री को अपने पद पर रहने का अधिकार नहीं होना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में कई बार बारिश होने के कारण किसान की लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों खराब हुई है। सरकार को खराब फसल का तुरंत प्रभाव से मुआवजा देना चाहिए।

बजरंग गर्ग ने कहा कि गेहूं उठान के ठेकेदार गेहूं उठान के नाम पर 3 रुपए से लेकर 5 रुपए तक कट्टा उठाने के नाम पर आढ़तियों से मांग रहे हैं इसलिए ठेकेदार सरकारी अधिकारियों से मिलकर अपने निजी स्वार्थ के लिए गेहूं उठान में देरी कर रहे है।

सरकार को गेहूं उठान में देरी करने वाले ठेकेदारों व सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए और सरकार को अपने वादे के अनुसार 72 घंटे के अन्दर-अन्दर गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान करना चाहिए ताकि किसान, आढ़ती व पल्लेदारों को राहत मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली घोटाले में रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ विजीलेंस ने हाइकोर्ट में पेश की स्टेटस रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

बहुचर्चित बिजली घोटाले में हरियाणा के पूर्व बिजली मंत्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, ईश्वर सिंह नैन एवं अन्य आरोपियों के खिलाफ हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश कर दी है। रिपोर्ट में कहा है कि ब्यूरो की ओर जांच पूरी करके आगामी कार्रवाई के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव विजीलेंस एवं मुख्य सचिव को जांच रिपोर्ट को भेज दी है। मामले में आरोप लगाने वाले ठेकेदार अजय संधू ने नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री, अमित शाह गृहमंत्री, नायब सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा को पत्र लिखा है। अजय संधू ने अतिरिक्त मुख्य सचिव विजिलेंस, हरियाणा व मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के कार्यालय में रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व बिजली मंत्री, हरियाणा सरकार व अन्य व्यक्तियों की कई करोड़ रुपए के टेंडर घोटाले व अन्य वारदातों की जांच रिपोर्ट तुरन्त निकलवाकर उचित कानूनी कार्यवाही करवाने की मांग की है।

अजय संधु ने बताया कि रणदीप सिंह सुरजेवाला एवं ईश्वर सिंह नैन निवासी गांव धनोदांकलां, जिला जीन्द (हरियाणा) व अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध कई करोड़ रुपए के टेंडर घोटाले व अन्य वारदातों के बारे में शिकायत दी थी, जिसकी जांच सरकार ने एन्टी करप्शन ब्यूरो, हरियाणा के पास भेज दी थी। एन्टी करप्शन ब्यूरो, हरियाणा के अधिकारियों ने जांच 7 अप्रैल 2021 को जांच शुरू कर दी थी। ब्यूरो के अधिकारियों ने रणदीप सिंह सुरजेवाला व अन्य व्यक्तियों की जांच पूरी करके 21 नवंबर 2023 को मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार व विजिलेंस विभाग को उचित कानूनी कार्यवाही करने के लिए रिपोर्ट भेज दी थी। जांच में ब्यूरो ने रणदीप सुरजेवाला एवं अन्य आरोपियों पर क्रिमनल धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की सिफारिश की बात कही है।

अजय संधू ने आरोप लगाया कि मुख्य सचिव, विजीलैंस के अतिरिक्त मुख्य सचिव के कार्यालय में रणदीप सिंह सुरजेवाला के खिलाफ लगभग 5 महीने से उपर का समय बीत जाने के बाद रिपोर्ट को दबाकर रखा गया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला व अन्य व्यक्तियों को बचाने के लिए कई करोड़ रुपए के टेंडर घोटाले व वारदातों की जांच रिपोर्ट की फाईल को एक सोची समझी साजिश के तहत जानबूझ कर लम्बित किया जा रहा है। जबकि एन्टी करपशन ब्यूरो, हरियाणा के अधिकारियों ने माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायलय, चण्डीगढ़ के केस नं.CRM- M7355 of 2024 title Aay Sandhu Versus State of Haryana & Othersमें जवाब फाईल किया है और यह भी लिखा है कि suitable legal action under criminal law is being taken against the Officers/persons found responsible in the enquiry.

रणदीप सिंह सुरजेवाला अपने राजनीतिक दबाव के कारण व मुख्य सचिव कार्यालय में अपने जानकार अधिकारियों के कारण आज तक बचता आ रहा है।

अजय संधू ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि हरियाणा में भाजपा सरकार है और कई बार मुख्यमंत्री, सरकार, मुख्य सचिव हरियाणा सरकार व अन्य उच्च अधिकारियों को उक्त फाईल निकलवाने के लिए निजि तौर पर व लिखित में शिकायत भी दे चुका हूं, लेकिन मुख्य सचिव कार्यालय व सचिव विजिलेंस के अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की जा रही। जानबूझ कर कई करोड़ रुपए के टेंडर घोटाले व अन्य वारदातों की फाईल को पिछले 5 महीने से दबाये बैठे हैं। उन्होंने संभावना जताई कि रणदीप सुरजेवाला अपना प्रभाव दिखाकर इस कार्रवाई से अपना नाम निकलवाने की कोशिश कर सकते हैं।

### जींद: वर्क वीजा पर दो युवकों को न्यूजीलैंड भेजने का झांसा दे ठगे 27 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

उचाना थाना पुलिस ने वर्क वीजा पर दो युवकों को न्यूजीलैंड भेजने का झांसा दे साढ़े 27 लाख रुपये की राशि ठगने पर चार लोगों के खिलाफ मंगलवार को धोखाधड़ी का मामला दज किया है।गांव सेढामाजरा निवासी गुरमीत ने 22 अप्रैल को उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विदेश जाने के लए अपने दोस्त गांव पालवां निवासी अमरजीत से बात की तो उसने बताया कि पेहवा निवासी मनोज व उसके दोस्त लाडी व कर्ण ट्रेवल एजेंसी चलाते हैं। तीनों से मिलने पर उन्होंने बताया कि वे पढ़ाई तथा रोजगार के दोनों वीजा लगवाते हैं। चंडीगढ़ में उनका साथी गुरप्रीत कार्यालय चलाता है। पहले वीजा लगवाते हैं, बाद में रुपये लेते हैं। विश्वास होने पर उन्होंने असल दस्तावेज आरोपितों को दे दिए गए।

## गीता शोध संस्थान में भगवद गीता की प्रासंगिकता पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में वर्तमान में श्रीमद्भगवद गीता की प्रासंगिकता विषयक संगोष्ठी में गीता के कर्म, ज्ञान व भक्ति पर विद्वान वक्ताओं ने सारगर्भित व्याख्यान दिए। बच्चों ने गीता के लोकों का सस्वर पाठ किया। संगोष्ठी का शुभारंभ संतों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री कृष्णानंद जी महाराज ने गीता के कर्म के सिद्धांत पर विचार व्यक्त किए। गौरांग वैदिक संस्थान गोवर्धन के अध्यक्ष वृंदावन चंद्र दास महाराज ने कहा कि गीता का दर्शन हमें सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# हनुमान जी अपने भक्तों का रखते है खास ख्याल : राजेश भाटिया

**हनुमान जन्मोत्सव**

8 बालाजी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर खन्ना परिवार ने बालाजी को चांदी का छत्र अर्पण किया।



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जहां सुबह-सवेरे विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया वहीं दोपहर को सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ तथा बालाजी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर खन्ना परिवार ने बालाजी को चांदी का छत्र अर्पण किया। सायं को विशाल सिदूंर वाले बालाजी शोभयात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर बजरंगी बली जी के जयकारे लगाए। इस मौके पर प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि यह यात्रा मंदिर प्रांगण से आरंभ हुई, जो शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी और जगह-जगह इस यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। अंत में यात्रा मंदिर परिसर में आकर सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भाटिया ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आज मंदिर में उत्सव का माहौल रहा, सुबह सवेरे पूजा अर्चना की गई और उसके बाद सुंदर कांड पाठ में सभी ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी अपने भक्तों का खास ख्याल रखते है, जो उनके सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है, उसके सभी दुख दर्द दूर हो जाते है। उन्होंने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया, सुबह से ही पूजा अर्चना करने वाले लोगों की लम्बी कतार मंदिर में लगी रही। उन्होंनें बताया कि सभी पूजा पाठ, शोभयात्रा आदि होने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस शुभ अवसर पर मंदिर के चेयरमैन बंसीलाल कुकरेजा, मंधीर सिंह मान, दर्शन लाल मलिक, मनोज भाटिया मुंबई वाले, संजीव ग्रोवर, वरिंदर सिंह, राजेश भाटिया कानपुर वाले, रिंकल भाटिया, अजय शर्मा, गगन अरोड़ा, भरत कपूर, रविंद्र गुलाटी, अमित नरूला, आई एस जैन, सोमनाथ ग्रोवर, पवन मटोलिया, आर के मल्होत्रा, नीरज भाटिया, बॉबी सितोरिया, अनिल चावला, हरीश भाटिया, राम मेहर, सुनील तंवर, नीरज मिगलानी, अनिल अरोड़ा, अजय शर्मा, आशु, रंजय भाटिया, प्रेम बब्बर, हरेंद्र भाटिया (राजू), भरत कपूर, हरीश भाटिया, नीरज भाटिया, किशन खन्ना व अन्य अतिथिगण शामिल रहे।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार करने पर तुली भाजपा: मनदीप बिश्नोई



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस नेता एडवोकेट मनदीप बिश्नोई ने सूरत लोकसभा में भाजपा द्वारा खेला किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे प्रकरण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार करने पर तुली हुई है।मनदीप बिश्नोई ने मंगलवार को कहा कि भाजपा ने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव की तर्ज पर सूरत में भी इसी तरह की घटना को अंजाम देते हुए लोकतंत्र का सरेआम चीरहरण किया है। इस विषय में उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर उनसे इस मामले में तुरंत स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है।एडवोकेट बिश्नोई ने कहा कि सुनियोजित षड्यंत्र के तहत किसी राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवार व उनके कवरिंग उम्मीदवार के नामांकन पत्र खारिज करवा दिए गए।

उम्मीदवार के प्रस्तावकों ने किस कारण से अपने हस्ताक्षर होने से इनकार किया, यह जांच का विषय है। इसी प्रकार दूसरी राष्ट्रीय पार्टी बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को पुलिस के संरक्षण में चुनाव अधिकारी के सामने लाकर उसका फार्म वापिस करवा दिया। इसके साथ साथ बाकी निर्दलीय उम्मीदवारों के फार्म भी वापिस करवा दिए गए और बिना किसी तथ्यों को जाने वहां के चुनाव अधिकारी ने भाजपा उम्मीदवार की निर्विरोध जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

## हिसार : दुकान बेचने के नाम पर की 19 लाख की धोखाधडी, एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

शहर पुलिस ने दुकान बेचने के नाम पर की गई 19 लाख रूपए की ठगी मामले में पंचकूला निवासी कृष्ण को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश करके आगामी पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।जांच अधिकारी उप निरीक्षक शेषकरण ने मंगलवार को बताया कि इस संबंध में भगाना गांव निवासी रोशन लाल ने आरोपी कृष्ण कुमार और अशोक कुमार के खिलाफ दुकान बेचने के नाम पर 19 लाख रुपए ठगने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह सिरसा रोड स्थित ज्वाला सदन में मैसर्स इंडिया सीड्स के नाम से दुकान चलाता है।

# नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में 2109 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध जागरूकता के माध्यम से नशे की मांग पर प्रहार किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के लिए ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियुक्त हैं जो हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। इस कड़ी में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चक्करपुर में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें स्थान और ऋतू को देखते हुए अलग अलग से अनेक बार नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में 2109 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यालय के निकट 100 मीटर के क्षेत्र का निरीक्षण किया और तम्बाकू उत्पाद आदि बेचने वालों को चेतावनी देकर छोड़ा कि यदि भविष्य में 100 मीटर के क्षेत्र में उन्होंने ऐसा किया तो कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार अधिकतर 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है। इस विषय पर उन्होंने खुले मंच पर विद्यार्थियों को आमंत्रित कर उनके विचार जानकार उनसे ही समाधान ढूंढ़ने को कहा और वातालर्प के माध्यम से उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। नशे के कारण, निवारण और समाधान पर चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि विधि अनुसार प्रतिबंधित नशा रखना, सेवन करना, क्रय विक्रय करना, उत्पादन करना और ऐसे कार्य में किसी की सहायता करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित एवं दंडनीय है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भारत माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**हनुमान जन्मोत्सव**

8 - भारत माता मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित करके धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

भारत माता मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में दो दिवसीय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भक्तों ने हनुमान चालीसा व भजन गाकर अपने इष्ट केसरीनंदन की आराधना की। इस अवसर पर भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महता, पुजारी पंडित रामकिशोर शुक्ल, मनोरमा गुप्ता, लता सिंगल, इंदु गोयल, बिमला कथूरिया, मधु बंसल, उमा राजगढि?ा, रेखा अग्रवाल, मीना सिंगल, निशांत सिंह गिल, पवित्र गिल, गायत्री मित्तल, तुलसी भारद्वाज, दिव्या मल्होत्रा, कामिनी शर्मा, मेघा, अनीता सेठी व देवेंद्र कौर सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भारत माता मंदिर में स्थापित पंचमुखी हनुमान व सिंदूरी हनुमान के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और तीन सवामणि भी लगाई गई। सुंदरकांड पाठ के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में सात्विक प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान पूरा भारत माता मंदिर जय श्रीराम, जय बजरंग बली, जय केसरीनंदन व जय अंजनीपुत्र के उदघोष से गुंजायमान हो गया।

भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महता ने बताया कि मंदिर धार्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है। मंदिर में भारत माता, श्री गंगा माता, श्री गऊ माता के साथ-साथ श्री दुर्गा माता, श्री श्याम बाबा, श्री राधा-कृष्ण, श्री राम दरबार, श्री लक्ष्मी नारायण, श्री पंचमुखी हनुमान व श्री सिद्धिविनायक गणेश के विग्रह के स्थापित किए गए हैं।

# मादक द्रव्य और नशीले पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम

**निरीक्षण**

8 प्रतिबंधित और तम्बाकू उत्पाद के सम्बन्ध में विद्यालय के आसपास के क्षेत्र में निरीक्षण कर किया सचेत



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध जागरूकता के माध्यम से नशे की मांग पर प्रहार किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के लिए ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियुक्त हैं जो हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। इस कड़ी में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीही में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्राचार्य जयप्रकाश की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 637 छात्राओं ने भाग लिया। ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यालय के आसपास के क्षेत्र को भी निरीक्षण किया कि कहीं कोई नशीला पदार्थ आदि तो नहीं बिक रहा। उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान में हमारे अधिकार वहां तक सीमित हैं जहाँ तक अन्य व्यक्ति के कार्य में बाधा न हो। भारत सरकार द्वारा भारत को नशा मुक्त करने के लिए कठोर अधिनियम बनाए गए हैं। आज समाज में नशे को बुरा माना जाता है लेकिन यह बुराई शीघ्रता से युवाओं को अपना शिकार बना रही है। उन्होंने प्रतिबंधित नशे पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि प्रतिबंधित नशा हमारे सेवन योग्य होता तो सरकार इनके ठेके खोल देती। यह मनुष्य के सीधा मस्तिष्क पर प्रभाव डालता है। नशे से सबसे अधिक पीड़ित यदि कोई है तो वे बच्चे, नारी शक्ति और वृद्ध जन हैं। नशा करने वाला व्यक्ति अपने मानसिक संतुलन को खो देता है और किसी भी अपराध को करने के लिए तत्पर हो जाता है। युवा पीढ़ी को नशे का शिकार बनाकर उन्हें मृत्यु तक ले जाने का कार्य करने वाले महापापी लोगों के विरुद्ध हरियाणा पुलिस और नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो नकेल कस रही है जिसका स्पष्ट उदाहरण है कि वर्ष 2023 में 5460 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा गया है।

# भाजपा ने षडयंत्र रचकर सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द होने और भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल के लोकसभा चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होने के घटनाक्रम पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा ने संविधान व नियमों को ताक पर रख दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जैसे चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में धोखाधड़ी का खेल खेला था, वैसा ही खेल सूरत में खेला गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होना और अन्य आठ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापस लेना स्पष्ट करता है कि यहां पर भाजपा द्वारा षडयंत्र रचा गया है।

एडवोकेट खोवाल ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से जुटाए गए धन का सूरत में इस्तेमाल किया गया है। सूरत में भाजपा के प्रत्याशी का निर्विरोध निर्वाचित होना इलेक्टोरल बॉन्ड के पहले परिणाम के रूप में देखा जा सकता है। उद्योगपतियों, व्यवसायियों एवं अन्य संपन्न हस्तियों पर ईडी व सीबीआई से दबाव बनाकर इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने अकूत धन एकत्र कर लिया है। अब उसी धन को लोकसभा चुनाव जीतने के लिए प्रयोग किया जा रहा है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हिमाचल में बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

**शिमलाः हिमाचल** प्रदेश में मंगलवार को मौसम ने करवट ली और कुछ स्थानों पर झमाझम बारिश हुई। राजधानी शिमला में भी दोपहर के समय हल्की बारिश हुई, जबकि अप्पर शिमला के ठियोग और रोहड़ू में ओलावृष्टि से सेब की फसल को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान पहाड़ी इलाकों में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है। 25 अप्रैल को मौसम साफ रहेगा, जबकि 26 से 28 अप्रैल को समूचे प्रदेश में मौसम के मिजाज बदलेंगे और मैदानों में वर्षा व उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी होगी। मौसम विभाग ने 26 व 27 अप्रैल को मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर आंधी के साथ बारिश, बिजली गिरने व ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है। 29 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार मंगलवार को जोगेंद्रनगर में 21, बैजनाथ में 7, संधोल में दो और रोहड़ू व सैंज में एक-एक मिली बारिश दर्ज की गई। मैदानी इलाकों में बादलों के बरसने से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में गेहूं की फसल पक कर तैयार हो गई है और इसकी कटाई का काम चल रहा है। ऐसे में बेमौसमी बारिश से गेहूं की फसल बर्बाद हो रही है। मंगलवार को बादलों के बरसने से राज्य के औसतन अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। शिमला में हुई बारिश से मौसम ठंडा हो गया। शिमला में अधिकतम तापमान दो डिग्री लुढ़ककर 21 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इसके अलावा सुंदरनगर में 28.9 डिग्री, भुंतर में 28 डिग्री, कल्पा में 16.6 डिग्री, धर्मशाला में 26.8 डिग्री, उना में 35.2 डिग्री, नाहन में 29.3, केलांग में 11.5 डिग्री, सोलन में 27 डिग्री, मनाली में 22 डिग्री, कांगड़ा में 30 डिग्री, मंडी में 29.7 डिग्री, बिलासपुर में 31.7 डिग्री, हमीरपुर में 26.2 डिग्री, चंबा में 27.5 डिग्री, डल्हौजी में 20.7 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 24.4 डिग्री, कुफरी में 15 डिग्री, नारकंडा में 14.6 डिग्री, भरमौर में 21.2 डिग्री, रिकांगपिओ में 21.8 डिग्री, सियोबाग में 24.4 डिग्री, धौलाकूआं में 31.7 डिग्री, बरठीं में 29.9 डिग्री और कसौली में 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## उपचुनाव में सीएम मेरे सबसे बड़े प्रचारक: सुधीर शर्मा

**धर्मशालाः धर्मशाला से भा**जपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बिके हुए विधायक के बयान पर कहा कि इसके तथ्य हैं तो वह जनता के सामने रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कई दिनों से इस तरह का राग अलाप रहे हैं लेकिन उनके पास जनता के समक्ष रखने के लिए कुछ नही है। मंगलवार को धर्मशाला में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने उपचुनाव में प्रत्याशी को लेकर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरा डेढ़ दिन धर्मशाला में बिताया और माइक्रोस्कोप लगाकर कैंडीडेट ढूंढते रहे, जो उनको नहीं मिल पाया।

# 'सपा-कांग्रेस साफ हो जाएगी'

### आतंकियों के मुकदमे वापस लेकर उन्हें सम्मानित करती थी सपा : मुख्यमंत्री योगी

**हमला बोला**

**8 जोर से पटाखे की आवाज आने पर भी पाकिस्तान सफाई देने लगता है : सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**अमरोहाः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अमरोहा में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज कहीं जोर से पटाखे की आवाज आती है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है, यही होता है भय बिन होय न प्रीत। यही होता है सशक्त नेतृत्व, कांग्रेस के समय ये लोग आंखों में चश्मा लगा कर चुप्पी साधकर बैठ जाते थे। मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने तो इससे भी ज्यादा बेशर्मी की, जिन लोगों ने रामजन्मभूमि और काशी संकटमोचन मंदिर पर आतंकी हमले किये थे, उनके मुकदमे वापस ले कर उन्हें सम्मानित कर रहे थे। ये लोग किस मुंह से सुरक्षा की बात करेंगे। उन्होंने कहा कि अमरोहा से दिल्ली की दूरी 165 किमी है। यह दूरी तय करने में आजादी के बाद से 2014 तक 5-6 घण्टे लगते थे। आज मोदी के नेतृत्व में यहां हाईवेज बनवाकर मात्र दो घण्टे दूरी कर दी गयी है। अब तो अमरोहा को हम गंगा एक्सप्रेस वे से भी जोड़ रहे हैं। अब लखनऊ जाना होगा तो चार घण्टे में पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सपा के दौर में देश के संसाधनों पर लूट का अधिकार एक ही परिवार को प्राप्त था, चाहे दिल्ली हो या सैफई। उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने यही कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। अगर ऐसा है तो पाल, सैनी और लोग कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि ये शरीयत कानून लागू करेंगे। पीएम मोदी ने तीन तलाक हटा दिया तो ये लोग कहते हैं कि ये फिर से शरीयत कानून लागू करेंगे।

## मेरठ में सीएम योगी आदित्यनाथ का रोड शो, लगे जय श्रीराम के जयकारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया। चुनावी समीकरणों को धार देने के लिए 25 दिन के अंदर मुख्यमंत्री योगी का यह मेरठ का पांचवां दौरा है। रोड शो में मुख्यमंत्री पर पुष्पवर्षा की गई और जय श्रीराम के जयकारे लगाए गए। मेरठ सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल को चुनाव जिताने के लिए भाजपा के तमाम दिग्गज लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार मेरठ के चुनावी दौरे कर रहे हैं। 25 दिन के भीतर मुख्यमंत्री का मंगलवार को मेरठ का पांचवां चुनावी दौरा रहा है। मुख्यमंत्री का रोड शो पुरानी दिल्ली चुंगी से शुरू हुआ और शारदा रोड से होकर दिल्ली गेट चौराहा, कबाड़ी बाजार, अनाज मंडी, वैली बाजार होते हुए लाला का बाजार चौक पर समाप्त हुआ। मुख्यमंत्री को देखने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने पुष्पवर्षा करके मुख्यमंत्री योगी का स्वागत किया।

## प्रचंड बहुमत से प्रदेश में खिलेगा कमलः सीएम धामी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कांग्रेस पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा विभाजन की रही है। विभाजनकारी सोच के साथ तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा। इस बार देश की जनता मोदी के साथ खड़ी है और ऐतिहासिक मतों से देश की जनता का गठबंधन मोदी के साथ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 60 वर्षों तक वर्ग विशेष के वोट बैंक की चिंता की है। इसके लिए किसी भी स्तर तक जाना कांग्रेस की नीति रही है। देश में तुष्टिकरण और परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले ऐसे लोगों को भारत की राष्ट्रवादी जनता सबक सिखाने को तैयार है।

**दावा**

**8 कांग्रेस की सोच हमेशा विभाजन की रही, देश की जनता मोदी के साथ खड़ी है : धामी**

कांग्रेस हमेशा वोट बैंक की राजनीति करती रही है :हनुमान जयंती पर मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर भी तंज कसा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उत्तराखंड आगमन पर मंगलवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया जबकि राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने राष्ट्रपति मुर्मू का देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर स्वागत किया।

## बॉर्डर पर गिरफ्तार हुआ पाकिस्तानी घुसपैठिया

**श्रीगंगानगरः** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर श्रीगंगानगर में सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा है। अब उसे जॉइंट इन्क्वायरी सेंटर ले जाया जाएगा, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। अभी घुसपैठिए के भारतीय सीमा में आने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। बीएसएफ के मुताबिक श्रीकरणपुर इलाके के गांव 14 एस माझीवाला और नग्गी के बीच तारबंदी पार कर-के भारतीय सीमा में घुस रहे घुसपैठिए को जवानों ने ललकारा तो वह रुक गया। बीएसएफ जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घुसपैठिया बहादुर अली (25) पुत्र मोहम्मद हनीफ पाकिस्तान के पाक पत्तन जिले के मोहजा बाहरा का निवासी है।

## किसान विरोधी है भाजपाः अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**अलीगढ़ः** लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार के समर्थन और जनता से वोट की अपील करने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने जमकर भाजपा पर निशाना साधा। अखिलेश ने ताला नगरी अलीगढ़ में जनसभा में आई जनता से कहा कि किसान जानते होंगे पूरे, देश और प्रदेश के किसान दिल्ली जाकर इस सरकार के खिलाफ खड़े हो गए। इन्होंने पुलिस लगा दी, लेकिन हमारे किसानों ने परवाह नहीं की। हजारों शहीद हो गए फिर इन्होंने तीनों काले कानून वापस ले लिए। अब समय आ गया है कि



संविधान की बात हो। यह जो गारंटी देते घूम रहे हैं यह गारंटी इस तरह की है जैसे कोरोना में हमसे आपसे थाली बजवाई थी। यह गारंटी नहीं लोगों को घंटी दे दी है जाओ बजाते रहो। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं अलीगढ़ वालों से कहूंगा एक ऐसा ताला बनाओ जिससे हम सब मिलकर बीजेपी के सभी गलत मंसूबों पर ताला लगा दें। उन्होंने कहा कि यह सरकार जब से आई है हमारा किसान संकट में चला गया। अपनी परेशानी के कारण एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली, क्या जवाब है सरकार के पास ?

## ताइवान में 6 घंटे में भूकंप के आए 80 झटके

**टीम एक्शन इंडिया**

**ताइपे/टोक्योः** ताइवान में सोमवार शाम 5 बजे से देररात 12 बजे तक 80 से ज्यादा भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें सबसे ज्यादा 6.3 तीव्रता का भूकंप रहा, जो भारतीय समय के मुताबिक रात करीब 12 बजे आया। मौसम विभाग के अनुसार भूकंप का केंद्र पूर्वी काउंटी हुलिएन में धरती से 5.5 किलोमीटर नीचे था। भूकंप के कारण राजधानी ताइपे में कई इमारतें झुक गईं हैं। जापान, चीन और फिलिपींस में भी हल्के झटके महसूस किये गए। फिलहाल किसी नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले इसी माह 3 अप्रैल को ताइवान में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें करीब 14 लोगों की मौत हो गई थी। तब से अब तक ताइवान में सैकड़ों झटके महसूस किए हैं। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि काउंटी हुलिएन में 3 अप्रैल को आए भूंकप में क्षतिग्रस्त हुआ होटल ताजा झटकों के कारण थोड़ा और झुक गया है। ताइवान दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन पर बसा देश है।

## सीएम धामी ने अकेले राज्य में 90 से ज्यादा की जनसभाएं

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री धामी लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में 90 से ज्यादा जनसभाएं और रोड शो किया। इस दौरान वो कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर संगठन के लिए चुनावी मोर्चे पर अंतिम दिन तक डटे रहे। भाजपा का कहना है कि केन्द्रीय नेतृत्व उत्तराखंड चुनाव के दौरान देवभूमि के मतदाताओं को पूरा सम्मान और दुलार देता है। जबकि कांग्रेस हर चुनाव में मतदाताओं तक पहुंचने में औपचारिकता कर रस्म अदायगी करती है। यह हम नहीं बल्कि



लोकसभा चुनाव में देवभूमि पहुंचे भाजपा और कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं और स्टार प्रचारकों की संख्या बता रही है। अब तक राज्य में हुए चुनाव प्रचार पर नजर डालें तो भाजपा ने जिस गंभीरता से चुनाव में प्रचार किया है, उसके आधे तक भी कांग्रेस नहीं पहुंची है। भाजपा ने राज्य के गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी की रैली कर छोटे राज्य के मतदाताओं के सम्मान को बड़ा संदेश दिया है। इसके अलावा भाजपा की टॉप फाइव केन्द्रीय लीडरशिप और स्टार प्रचारकों में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी जैसे कद्दावर नेताओं ने कई जनसभाएं कर देवभूमि के अंतिम मतदाता का सम्मान कर चुनाव में हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने 70 विधानसभाओं में करीब डेढ़ सौ से ज्यादा जनसभाएं, रोड शो, कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम कर सरकार की उपलब्धियों पर वोट मांगे।

**वोट मांगे**

**8 चुनावी मोर्चे पर अंतिम दिन तक रहे डटे, केन्द्रीय नेतृत्व ने पांचों लोकसभा सीटों को दी तव्वजो**

## वकील को धमकी देकर मांगी फिरौती

**जयपुरः** अशोक नगर थाना इलाके में हाईकोर्ट के वकील को एक व्यक्ति द्वारा फोन कर धमकी देकर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में वकील चैन सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि उसका सिरसी रोड पर प्लाट है। उसे 9 अप्रैल को रूप सिंह ने फोन कर धमकाया कि वह गैंग चलाता है। उसे जान प्यारी है तो उनकी सेवा करनी पड़ेगी। आरोपित ने उससे फिरौती की भी मांग की। इस पर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया।

## जेल में बंद किसान से मिले अजय राय

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को चौकाघाट स्थित जिला कारागार में बंद किसान संतोष पटेल से मिला। जेल में बंद किसान की व्यथा सुनने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने उनकी मांगों को जायज करार देते हुए उनके साथ खड़े रहने व हर लड़ाई लड़ने में साथ देने के लिए आश्वस्त किया। कारागार से बाहर निकलने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वाराणसी में बिना मुआवजा के



किसानों की जमीन छीन कर सरकार हमारे किसान भाइयों के परिवार का मंगलसूत्र उजाड़ने का कार्य कर रही है। पिंडरा तहसील में काशी द्वार के विरोध में आंदोलन करने वाले पीड़ित किसानों को शासन के दबाव में जेल भेजा गया। उल्लेखनीय है कि पिंडरा में दो माह से प्रस्तावित आवासीय परियोजना काशी द्वार योजना रद्द करने की मांग को लेकर किसान अनवरत धरने पर बैठे रहे। फूलपुर पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में रविवार रात किसान संतोष पटेल को गिरफ्तार कर धारा 151 में जेल भेज दिया।

**समर्थन**

**8 पिंडरा तहसील में काशी द्वार के विरोध में किसान कर रहे थे आंदोलन, आरोप में पुलिस ने भेजा जेल**

## ठगी करने वाली गैंग का मुख्य सरगना चढा हत्थे

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** थाना पुलिस ने अमेरिकन डॉलर दिखाकर ठगी करने वाली गैंग के मुख्य सरगना को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित कचरा बीनने का काम करता है कचरे में विदेशी डॉलर मिलने की कहकर स्थानीय दुकानदार एवं राहगीरों को लालच में लेकर सस्ते दामों में डॉलर बेचने का झांसा देकर बडी रकम ठगता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि मालपुरा थाना पुलिस ने अमेरिकन डॉलर दिखाकर ठगी करने वाली गैंग के मुख्य सरगना मोहम्मद समीर निवासी जोलिंगर जिला मुर्शिदाबाद कोलकाता (पश्चिम बंगाल) हाल रामसिंहपुरा सांगानेर को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। आरोपित अखबार से कागज के बण्डल बना कर उन पर एक दो डॉलर के नोट लगाकर गड्डियां बनाकर एक थैले मे रखते है तथा थैला खोलकर ऊपर के नोट दिखाकर पुलिस व अन्य लोगों को पता चलने की कहकर जल्दी से डील फाइनल कर देते है।

## चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर कवायद तेज



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः उत्तरा**खंड चारधाम यात्रा को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) ने विभागीय स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करने और यात्रा के सुगम संचालन को लेकर कवायद तेज कर दी है। चारधाम यात्रा को लेकर 30 अप्रैल को एनडीएमए की ओर से प्रस्तावित टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज को लेकर मंगलवार को ओरिएंटेशन और को-आर्डिनेशन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन कांफ्रेंस में यात्रा मार्ग स्थित जिलों के जिलाधिकारी और आर्मी, आईटीबीपी के साथ 28 विभागों के 200 से अधिक अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कांफ्रेंस में एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। साथ ही 30 अप्रैल को आयोजित होने वाली टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज के उद्देश्यों के बारे में बताया। मेजर जनरल सुधीर बहल ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन में आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, भारतीय सेना, आईटीबीपी, पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, लोक निर्माण विभाग, जीएमवीएन, वन, पर्यटन, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, देवस्थानम बोर्ड आदि विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी आपात स्थिति में सभी विभागों के बीच बेहतर सामंजस्य हो।

**तैयारी**

**8 आपदा से भी निपटने की तैयारी, 30 को टेबल टॉप एक्सरसाइज तो दो को होगा मॉक एक्सरसाइज**

**चुनावी समर** 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों के नाम वापसी के पश्चात 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

# यूपी में तीसरे चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव मैदान में 100 प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों के नाम वापसी के पश्चात 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से जियाऊर्रहमान, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी सौलत अली, जनता शासन पार्टी से जयगमुल



इस्लाम, लोग पार्टी से पवन कुमार, पीस पार्टी से डॉ. राशिद, किसान क्रान्ति दल से सन्तोष, निर्दलीय प्रत्याशियों में अनुज वार्ष्णेय, तौफीक अहमद, महेन्द्र सिंह, मो. वसीम पुत्र मो. फरीद, वसीम पुत्र मु. शमीम हैं। हाथरस (सुरक्षित) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अनूप प्रधान बाल्मीकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर वाल्मिकी, बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से घनश्याम सिंह, राष्ट्र उदय पार्टी से डॉ. जयवीर सिंह घनगर, निर्दलीय प्रत्याशियों में जयपाल माहौर, दिनेश सांई, मुन्नालाल जाटव, रवि कुमार, राजपाल सिंह हैं। आगरा (सुरक्षित) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से पूजा अमरोही, भारतीय जनता पार्टी से प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल, समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द कर्दम, पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) से आराम सिंह, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से कुलदीप कुमार, आदर्श समाज पार्टी से चन्द्र पाल, लोकप्रिय राष्ट्रवादी पार्टी से जितेन्द्र गौतम, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से सर्वेश कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में अम्बेडकरी हसनूराम अम्बेडकरी, पूजा, महेन्द्र सिंह हैं। फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार, बहुजन समाज पार्टी से पं. रामनिवास शर्मा, प्राउटिस्ट ब्लॉक इंडिया से गिर्राज सिंह धाकरे, राष्ट्रीय जनसंचार दल से वेद प्रकाश, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से संगीता तोमर, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से होतम सिंह निषाद तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में कल्लन कुम्हार, डॉ. रामेश्वर सिंह हैं।

**जनता की बारी**

**8 समाजवादी पार्टी से जियाऊर्रहमान, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी ठोक रहे ताल**